## खबर संक्षेप

### दत्तक ग्रहण योजना का प्रचार प्रसार करेंगे छात्र

**छिंदवाड़ा।** समेकित संरक्षण के अंतर्गत लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग. विकास खंड बिछुआ की कार्यक्रम अधिकारी भावना कुमरे के मार्ग दर्शन मे शासकीय महाविद्यालय मे संचालित मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मे अध्ययन रत बी एस डब्ल्यू .एम एस डब्ल्यू के छात्रो को जानकारी दी । इस अवसर पर मेंटर्स श्यामल राव ने समेकित बालक संरक्षण के अंतर्गत केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का एक स्वयत्तशासी संगठन है जो कि दत्तक ग्रहण से संम्बन्धित सभी मामलो मे ओर बाल अधिकारो पर अंन्तराष्ट्रीय अधिवेशनो के प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिये अनाथ छोड़े गये या परित्यक्त बच्चों से सम्बंधित प्रक्रियाओं की सुरक्षा के लिए कार्य करता हे । दत्तक ग्रहण योजना के तहत अब गोद लेना हुआ आसान के अंतर्गत अब जरूरत मंद एसे परिवार को कारा पर आनलाईन पंजियन कर शिशु ग्रह के माध्यम से नियमानुसार बच्चे गोद ले .रिस्तेदार द्वारा गोद लेने हेतु जिला बाल संरक्षण अधिकारी छिंदवाड़ा के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर बच्चा गोद ले। बिना कानूनी प्रक्रिया के बच्चे गोद लेना देना धारा 80 के तहत अपराध हे । दत्तक योजना का क्रियान्वयन करने उपस्थित छात्रो को दी गई वही विभागीय योजनाओं के पांम्पलेट भी अध्ययन करने दिया गया ताकि छात्र अपने अपने ग्रामो मे जाकर ग्रामीणों को जागरूक कर योजनाओं का लाभ दिलवाने मे सहयोग करने की अपील की ।

## हमने शिवराज सिंह को वोट दिया कुर्सी पर आप कैसे बैठ गए

# जनसंवाद करने आपके बीच बार-बार आएंगे : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव





हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

हमने तो शिवराज सिंह को वोट दिया पर कुर्सी पर आप कैसे बैठ गए? जनसंवाद के दौरान नांदनवाडी निवासी भूरा इरपाची नामक वाहन चालक ने जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भरी सभा में माइक से यह सवाल पूछा तो मुख्यमंत्री महोदय के साथ ही अनेक नेता और ग्रामीण खिलखिलाकर हंस दिए।

आज पांढुर्ना जिले के ग्राम पाठई में ग्रामीणों से जनसंवाद करने पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां कहा कि हम जनसंवाद करने बार बार आपके बीच आएंगे। जनसंवाद के माध्यम से जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानकर भोपाल से इनका समाधान करने का पूरा प्रयास हमारी ओर से किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभा में उपस्थित हजारों लोगों में कुछ ग्रामीणों को माइक प्रदान कर उनसे क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की।

इन्होंने कहा कि पांढुर्ना जिले के अलावा और भी कुछ नए जिले बने है। नए जिलों में समस्याएं कुछ जादा होती है इन समस्याओं के निराकरण भी हम प्राथकिता के साथ करेंगे।

### बंटवारा नामांतरण के लिए भटकना नहीं पडेगा

सीएम डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से शासन के निर्देशों को गंभीरता एवं जनता के साथ संवेदनशीलता के साथ लागू करने के निर्देश दिए। लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियां पर कारवाई की जाएगी ऐसी चेतावनी भी मुख्यमंत्री महोदय ने दी। आगामी दिनों में भूमि की रजिस्ट्री के बाद नामांतरण या बंटवारा के लिए लोगां को भटकना नहीं पडेगा बल्कि पटवारी आपके पास आकर कारवाई पूरी करेगा। इस बारे में भी मुख्यमंत्री महोदय ने सख्त निर्देश दिए।

### भूली जलाशय एवं विशेष निधि मांगी

नगरपालिका परिषद पांढुर्ना के प्रतिपक्ष नेता महेंद्र घोडे ने नगरविकास कार्यों में तेजी लाने हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक पत्र देकर विशेष निधि प्रदान करने की मांग की। इसके अलावा जिला भाजपा मंत्री रामेश्वर खोडे, पूर्व नपा उपाध्यक्ष अरूण भोसले, नीतिन बेहूने, पंकज नाईक, लक्ष्मण कपले, पार्षद उमेश अुरकडे, सतीश बांबल तथा भूपेंद्र करेरा के अलावा अनेक भाजपाई ने सीएम को ज्ञापन देकर पांढुर्ना में किसानों के उत्थान हेतु लंबित भूली जलाशय के जल्द निर्माण, पांढुर्ना की जनता के पेयजल हेतु कामठीकला जलाशय के निर्माण तथा नगर में अमरावती मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग पर तत्काल ओवरब्रीज निर्माण की मांग जल्द पूरी करने का निवेदन किया।

### ग्रामीणों से संवाद

संवाद के दौरा नांदनवाडी निवासी भूरा इरपाची ने किसान सम्मान निधि नियमित रूप से मिलने की बात कही। जनसंवाद के दौरान आशा कार्यकर्ता संगठन अध्यक्ष नर्मदाबाईं ठाकरे ने सीएम को बताया कि आशा कार्यकर्ताओं ने हमारे क्षेत्र में बीते 15 सालों में किसी भी प्रसूता की डिलेवरी घर में नहीं हुई है। आशा कार्यकर्ता ने बताया कि हमारे लिए ड्यूटी का समय निर्धारित नहीं है हमें 24 घंटे जब जरूरत पडे तब काम करना पडता है। राहुल ने संवाद करते हुए बताया कि हम 10 एकड में प्राकृतिक खेती करते है। इस फसल को बाजार में कम दामों पर बेचते है इसके दाम बढकर मिले इसके लिए योजना बनाने को कहा। इस पर मुख्यमंत्री महोदय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्राकृतिक खेती को बढावा दिए जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कमलेश राठौड ने कहा पडोसी राज्य महाराष्ट्र में कपास फसल पर टैक्स कम होने के कारण मध्यप्रदेश की फसल बडे पैमाने पर महाराष्ट्र में जाने का मुद्दा उठाते हुए इस समस्या का समधान करने की मांग की। इसी प्रकार अन्य ग्रामीणों ने जनसंवाद के दौरान मुख्यमंत्री महोदय से पांढुर्ना क्षेत्र में संतरा उत्पादन अधिक होने के कारण संतरा फसल को बढावा देने, किसानों को नियमित रूप से बिजली आपूर्ति नहीं होने तथा अन्य समस्याओं को उजागर किया।

## सीढ़ी निर्माण में उपयोग के लिए वन अधिनियम की हो रही अनदेखी

# छोटा महादेव के संरक्षित वन क्षेत्र में हो रहा है रेत एवं पत्थर का अवैध खनन



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

तामिया रेंज की, हर बीट में कोई ना कोई वन अपराध होते रहते हैं। जिसमें सर्वाधिक है। जंगलौ की अवैध कटाई। पिछले दिनों भांड़ी के जंगलों से, काटकर लाये सागौन से फर्नीचर बनाते वन विभाग ने मशक्कत के बाद सागौन जप्त किया था। , कुआं बादला सर्कल में कई ट्रैक्टर वन भूमि से रेत चोरी करते पकड़े जा चुके हैं।

ईससे स्वयं सिध्द होता है। कि तामियां रेंज में सागौन की अवैध कटाई एवं रेत का अवैध उत्खनन जंगल की नदियों से होता चला रहा है। हुई कार्यवाही तो यही, प्रदर्शित करती है। लेकिन जब वन कर्मी ही वन अधिनियम का उल्लंघन करने लगे तो यह समझो कि इस रेंज का भगवान मालिक है।

ऐसा ही एक उदाहरण इन दिनों सुरक्षित वन क्षेत्र तामिया के जंगल छोटा महादेव क्षेत्र में देखने मिल रहा है। कि यहां पर पर्यटन स्थल छोटा महादेव मार्ग एवं मंदिर के नीचे बहने वाली नदी से रेत का अवैध उत्खनन नाकेदार डिप्टी रेंजर के संरक्षण में खुलेआम हो रहा है। जबकि वन अधिनियम ,मैं स्पष्ट उल्लेख है। कि संरक्षित वन क्षेत्र मैं किसी भी प्रकार का उत्खनन करना वर्जित है। लेकिन इन दिनों छोटा महादेव में सीढ़ी बनाने का, का काम चल रहा है। निर्माण एजेंसी कौन है ।

यह अभी किसी को भी विदित नहीं है। लेकिन इन सीढ़ियों के, निर्माण में एजेंसी सीढ़ी बनाने में, संरक्षित वन क्षेत्र से रेत एवं पहाड़ी के, पत्थरों को तोड़कर फाड़ी का अवैध उत्खनन कर वन अधिनियम का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। जबकि छोटा महादेव पर्यटन स्थल है। जहां पर वन विभाग प्रवेश शुल्क के नाम पर प्रति व्यक्ति 10 लिया जा है। जिससे सिद्ध होता है। कि छोटा महादेव पर्यटन एवं धार्मिक स्थल पर जाने वाले की संख्या प्रतिदिन सौ से ।अधिक है।

इतने आवागमन के बाद भी यदि संरक्षित वन क्षेत्र में फाड़ी एवं रेत का उत्खनन होता है। तो यह, वन विभाग की मिली भगत से वन अधिनियम का खुला उल्लंघन ही सिद्ध करता है। इस तरह तामिया रेंज में संरक्षित वन क्षेत्र में, फाड़ी एवं रेत,कि अवैध उत्खनन होना तामिया रेंज के रेंजर सहित मैदानी वन अमले की मिली भगत का हीं नतीजा सरक्षित वन क्षेत्र में उत्खनन होना तो यही सिद्ध करता है।

## पर्यावरण संरक्षण पर वेटलैंड मित्र की शपथ दिलाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिछुआ

पर्यावरण वन एवम जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सेव वेटलैंड कैंपेन के तहत उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में दिनाक 18 दिसंबर को पर्यावरण संरक्षण एवम सुरक्षा पर वेटलैंड मित्र की शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.पी.यादव के निर्देशन में ईको क्लब प्रभारी डॉ.नवीन कुमार चौरसिया ने ईको क्लब के अंतर्गत छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। हमारे तालाब, नदियां हमारी धरोहर है इनको स्वच्छ रखना है।और उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ईको क्लब के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्यशाला, प्रोजेक्ट,प्रदर्शनी, प्रतियोगिताएं व नेचर कैंप का आयोजन किया जाएगा इसके बाद हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमति शशि उईके ने कहा की अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखें व प्लास्टिक का उपयोग कम करें यह पर्यावरण के लिए हानिकारक है इसके पश्चात प्राणिशास्त्र विभाग से कु शिवानी सोनी ने बताया की अपने महाविद्यालय परिसर को साफ स्वच्छ बनाने में सहयोग दे।कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे जिससे आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## केवी चौरई के छात्र- छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**छिंदवाड़ा।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय चौरई से कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं के दल को प्राचार्य श्री संदीप साहू द्वारा शैक्षणिक भ्रमण हेतू हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शैक्षणिक भ्रमण हेतू छात्र भारतीय कृषि विज्ञान केन्द्र तथा फुटवियर डिजाइन व डेवलपमेंट इन्स्टीट्यूट छिंदवाड़ा गए । दल के प्रभारी निशा सिसोदिया व राजेश मेहरा भी साथ में गए। नई शिक्षानीति के तहत व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत छात्रों को आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र से छात्र विभिन्न तरह की जानकारी से रूबरू हुए। इसमे छात्र आधुनिक कृषि तकनीको व बदलते हुए जलवायु के अनुरूप कृषि करना, कृषि में हो रहे नवाचारो व कृषि क्षेत्र में करियर जैसी कई जानकरी से लाभान्वित हुए। छात्राओं द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र में मोटे अनाज के उपयोग से होने वाले लाभ को लेकर नाटक की प्रस्तुती भी दी गई। फुटवियर डिजाइन इन्स्टीट्यूट से छात्र फुटवियर बनाने की तकनीक , फैशन डिजाइनिंग व भविष्य में फुटवियर सेक्टर में भी करियर की अपार संभावनाएं हैं। फुटवियर डिजाइनिंग का कोर्स करके अपने भविष्य को सवांरने का मौका मिलेगा।



## स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिलों में सब्सिडी हो रही प्रभावित

**छिंदवाड़ा** :-- प्रदेश में भाजपा की सरकार द्वारा विधुत वितरण कंपनी के माध्यम से विधुत उपभोक्ताओं से की जा रही है खुली लूट. अनेकों गाँव में एवरेज बिल दे कर बिना मीटर के सब्सिडी से विधुत उपभोक्ताओं को सब्सिडी से वंचित किया जा रहा है पूर्व क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं के भारी विरोध के बाद भी जबरन स्मार्ट मीटर निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए लगाये जा रहे हैं अब जबकि स्मार्ट मीटर कुछ क्षेत्रों में शहर में लगाये जा चुके हैं तो निधार्रित समयावधि में मीटर रीडिंग न होने से उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी से वंचित किया जा रहा है उक्त आशय के आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने बताया कि प्रायः मीटर वाचकों द्वारा महीने के अंतिम सप्ताह में घरेलू व व्यावसायिक उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग कर विभागीय कार्यालयों में दे दी जाती थी जिससे बिजली बिल निधार्रित समयावधि में मिलने पर उपभोक्ताओं को शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ मिल जाता था एवं उपभोक्ताओं में असमंजस की स्थिति नहीं बनती थी इसके विपरीत स्मार्ट मीटर की रीडिंग में विलम्ब के चलते विधुत उपभोक्ताओं को सब्सिडी से वंचित किया जा रहा है एवं उपभोक्ताओं की जेब में डाका डाल रही है विधुत वितरण कंपनी जिस पर अंकुश लगाने की मांग विधुत वितरण कंपनी से जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ करता है। साथ बिजली की समस्या को लेकर प्रकोष्ठ विधुत उपभोक्ताओं के साथ है गौरतलब है कि म. प्र. पू. क्षे. वि. वि. कं. लि. द्वारा जिले में पुराने डिजिटल मीटर की जगह नये स्मार्ट मीटर विधुत उपभोक्ताओं को बिना विश्वास में लिये जबरन गुमराह कर लगाये जा रहे हैं विधुत विभाग द्वारा जिले के 34 फीडरों में लगभग एक लाख स्मार्ट मीटर लगाये जाने का लक्ष्य विधुत वितरण कंपनी द्वारा रखा गया है किंतु जिले के जागरूक उपभोक्ताओं के विरोध के चलते विधुत विभाग का अभियान सुस्त पड़ गया है।

## सभी धार्मिक स्थलों से हटाए गए स्वेच्छा से लाउडस्पीकर



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

प्रदेश सरकार ने धार्मिक स्थलो पर लगे। लाउडस्पीकरों को हटाने के निर्देश दिए गए थे। जिसके परिपालन में स्थानीय पुलिस ने तामिया स्थित सभी धार्मिक स्थलों पर लगे। लाउडस्पीकरों हटाने के लिए धार्मिक स्थलों के धर्माचार्यों से लाउडस्पीकर हटाने का आग्रह किया। जिस पर सभी धार्मिक स्थानों से समिति के सदस्यों ने , स्वेच्छा से अपने लाउडस्पीकर उतार कर शासन के आदेशों का पालन किया। साथ पुलिस ने धार्मिक स्थलों पर शासन के निर्धारित डिसीबल के अनुसार लाउडस्पीकर लगाने के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी , राजस्व से अनुमति लेकर निर्धारित डिसीबल के आधार पर अपने लाउडस्पीकर लगाने के सुझाव पुलिस के अधिकारियों ने दिये इस तरह आज प्रदेश सरकार के आदेशों के परि पालन मैं। सभी धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर को हटाया गया ।

## विभागीय राज्य स्तरीय लेदर बॉल क्रिकेट 17 वर्षीय प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी




अमरवाड़ा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सत्येंद्र सिंह मरकाम के निर्देश अनुसार हर्रई विकासखंड को आवंटित 17 वर्षीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का अमरवाड़ा के स्टेडियम में आज शुभारंभ हुआ । प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश जनजातीय कार्य विभाग के 17 वर्षीय बालक एवं बालिकाओं ने मध्य क्षेत्र, पूर्व क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र एवं दक्षिण क्षेत्र के टीमों के रूप में भाग लिया ।

आज प्रतियोगिता के प्रथम दिवस बालिकाओं के दो और बालकों के दो मैच संपन्न हुए । 2 दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभागीय टीम का चयन किया जाएगा, यह टीम नरसिंहपुर में होने वाली शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभाग की ओर से भाग लेगी । यह जानकारी देते हुए प्रतियोगिता प्रभारी श्री ललित गुप्ता ने बताया कि टीमों की चयन की प्रक्रिया में सभी क्षेत्रों से आए खेल विशेषज्ञों को समिति में रखा गया है । उद्घाटन अवसर पर सभी पधारे अतिथियों को विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह स्वरूप टी शर्ट भेंट की गई । इस अवसर पर श्री नरेश पुरोहित श्री इमरान खान श्री वेगनर जी श्री महल की श्री तिवारी जी श्रीमती सोनी मैडम सुचिता यादव विष्णु यादव एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा खिलाड़ी एवं उनके शिक्षक उपस्थित रहे प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जनजातिया कार्य विभाग छिंदवाड़ा की ओर से श्री अनुरोध शर्मा जिला क्रीड़ा प्रभारी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया जबकि छिंदवाड़ा जिले के ओर से सभी का स्वागत जिले के वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक श्री जितेंद्र मिश्रा जी द्वारा किया गया । प्रतियोगिताओं में दी जा रही सुविधा को लेकर बच्चे संतुष्ट दिखाई दिए । टीमों से परिचय प्राप्त कर आज के मैच संपन्न कराये गए ।

## कड़कड़ाती ठंड से कांपा कोयलांचल, शीत लहर ने तापमान में जमकर लाई गिरावट



**जुन्नारदेव।** क्षेत्र में लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है रविवार से ठंड ने अपना असर तेजी से दिखाना शुरू किया है जहां पर तापमान में भी तेजी से गिरावट आई है। सुबह और शाम के समय पारे की बात की जाए तो 15 डिग्री के नीचे तक पर चला जा रहा है ऐसे में लोग लगातार अपने घरों पर दुबककर बैठ गए हैं शीत लहर का असर तेजी से बढ़ता जा रहा है और आगामी 15 दिनों तक ठंड के आसार इसी तरह होने की बात भी मौसम विशेषज्ञों द्वारा कही गई है। नगरी क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह लोग अलाव जलाकर ठंड से बच रहे हैं।

## मुख्यालय नागपुर की अनदेखी समझ के परे

# क्षेत्र में सीआईएसएफ की तैनाती पर कंपनी का लाखों रुपए हो रहा खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



उप क्षेत्र अंम्बाडा. में जो सी.आई.एस.एफ. तैनात है, प्रतिमाह कंपनी का उस पर लाखों रुपए का खर्च हो रहा है, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि इस बात को सोचने विवश है ,कि कंपनी से प्रतिमाह लाखों रुपए ले किस बात की सुरक्षा सी.आई.एस.एफ. द्वारा की जा रही है जबकि क्षेत्र में ना तो खदाने हैं ,ना तो कोयले का उत्पादन ही हो रहा है ,प्रातः स्नान कर नाश्ता एवं दोपहर में भोजन बाद में दिन में फोर व्हीलर में घूमना सिर्फ यही कार्य है, जिसका यह प्रतिमाह कंपनी से लाखों रुपए ले रहे हैं ,नागपुर मुख्यालय इस बात को जानता है, उसके पश्चात भी अनदेखी समझ के परे हैं, इस बात से यह अंदाजा लगाया जा सकता है, कि नागपुर मुख्यालय एवं सी.आई.एस.एफ. के बीच कुछ घालमेल है ,इस बात को ले लोग कोयला मंत्रालय भारत सरकार को पत्र लिख चुके हैं, ताकि जांच हो सके।सनद रहे कि समूचा कान्हान क्षेत्र जो मोहन कालरी उप क्षेत्र अंम्बाडा.से जो शुरू होता है ,वह जुन्नारदेव ,डूंगरिया ,घोड़ावाडी, दमुआ, नंदन ,और तानसी क्षेत्र में जा समाप्त होता है ,आज से 35 से 40 वर्ष पीछे का समय क्षेत्र का देखे तो उस क्षेत्र में कोयले की भूमिगत से ले ओपन कास्ट खदानें ने पर्याप्त में चल रही थी, जहां श्रम शक्ति की मात्रा भी पर्याप्त थी, जिससे समूचे क्षेत्र गुलजार था ,क्षेत्र में रौनक से ले चहल पहल बराबर बनी हुई थी, क्षेत्र का व्यापार भी अच्छा चल रहा था।

### सीआईएसफ नहीं थी तैनात

आज से 35 से 40 वर्ष पूर्व कान्हान क्षेत्र का भविष्य नंबर वन था, खदानों से श्रम शक्ति की मात्रा पर्याप्त थी ,इस क्षेत्र से कोयला भी भारी मात्रा में निकल रहा था ,उस समय यदि सी.आई. एस. एफ .तैनात होती तो समझ में भी आता।

### उजड़ने पर तैनात है सी.आई.एस.एफ.

कन्हान क्षेत्र हो या उप क्षेत्र अंम्बाडा. का वर्तमान समय देखे खदानें बंद हो गयी ,कोयले का उत्पादन भी नहीं हो रहा है ,ऐसे समय में सी.आई.एस.एफ .तैनात है ,जो समझ से परे नजर आता है। वर्तमान समय में क्षेत्र में जो सी.आई.एफ . एस.तैनात है ,उस पर कंपनी का प्रतिवर्ष करोड़ों एवं प्रतिमाह लाखों रुपए खर्च कंपनी पर बैठता है। वर्तमान समय में सी.आई.एस.एफ. का कार्य देखे तो नजर आता है। कि इनका सुबह उठना स्नान कर नाश्ता करना दोपहर में भोजन करना एवं इसी समय फोर व्हीलर वाहन मैं भ्रमण करना यही कार्य है।

### सुनी 103 आवेदकों की समस्याएं

**छिन्दवाड़ा।** मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर के मार्गदर्शन में आज जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत अतिरिक्त कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई में 103 आवेदकों की समस्यायें सुनी ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं लोकेन्द्र उम्र 34 वर्ष पिता दयाशंकर लोखंडे निवासी ग्राम बेलगांव पो. जाम तह. सौंसर जिला छिन्दवाड़ा ने अपना नाम केशव देव पिता दयाशंकर KESHAV DEV s/o DAYASHANKAR (राजपत्र अनुसार) बदल लिया हैं आज से मुझे इसी नाम से पहचाना जावे।

लोकेन्द्र पिता दयाशंकर लोखंडे
मो. 9303017442

### व्यापारियों ने पार्किंग अतिक्रमण को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन, कार्यवाही की मांग

# फुटपाथी दुकानदार कर रहे नगर पालिका से काम्प्लेक्स बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



नगर में फैले हुए अतिक्रमण,अवैध पार्किंग, इससे होने वाली आम नागरिकों को परेशानी को लेकर बाजार चौक सौसर के व्यापारियों के द्वारा सौसर एसडीएम एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सोपते हुये कार्यवाही की माग की है।बाजार चौक व्यापारी संगठन के व्यापारियों ने बताया की साप्ताहिक बाजार में बने हुए स्टेज के सामने बड़े पैमाने पर चौपाटी में विभिन्न खाद्य सामग्री की दुकान लगती है। इन दुकानों में आने वाले ग्राहकों एवं लोगों के द्वारा बीच रास्ते ओर पक्की दुकानों के सामने गाड़ियां खड़ी की जाती है। जिससे सड़क का पूरा आवागमन बंद हो जाता है। साप्ताहिक बाजार एवं बाजार चौक में पार्किंग की नपा के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है। जिसके चलते आए दिन इस समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। कई बार दुर्घटनाएं भी इस मार्ग पर हो रही है। यहां लगने वाले नाश्ता गुपचुप नूडल्स आदि के ठेले अविवस्थित रूप से लगे है। कई ठेले दुकानदारों के द्वारा लंबी चौड़ी जगह घेर रखी है।

बेतरतिब तरीके से लगाई जा रही दुकानों के कारण आम आदमी व्यापारियों स्कूली छात्र-छात्राओं को हर दिन परेशानी होती है। चौपाटी की दुकानों व्यवस्थित करने एवं पार्किंग की व्यवस्था बनाने की मांग व्यापारी संगठन के द्वारा की गई है।इस दौरान डॉ नामदेव कडू, डॉ आलोक विश्वास, अमोल ठाकरे,सैफ अली, सर्वेश घाघरे, शकील खान,अनिकेत ठाकरे,जुनैद मंसूरी, राजा गवणेकर आदि उपस्थित थे।

### अतिक्रमण कार्यों ने कर लिए पक्के कब्जे ले लिए बिजली मीटर

नगर में अनेक स्थानों पर अतिक्रमण कार्यों ने करोड़ों रुपए की जमीन पर अपने पक्के दुकान भवन बना लिए है। नगर के सिविल लाइन, बस स्टैंड, उत्कृष्ट विद्यालय के बाजू, उड़ान पुल के नीचे, भारत माता चौक, मोहगांव नाका, साप्ताहिक बाजार एरिया, आदि स्थानों पर दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण के साथ ही पक्के दुकान बनाकर राजस्व विभाग की करोड़ों रुपए की जमीन पर कब्जा कर लिया है। साप्ताहिक बाजार चौक की कई दुकानें अपनी दुकान सीमा से 10 फीट बाहर जाकर दुकान की सामग्री लग रहे हैं। कई दुकानदारों के द्वारा तो अपनी दुकानों में बिजली मीटर लेकर विद्युत कनेक्शन से मशीनरी काम भी किया जा रहा है। दिन-ब-दिन नगर में पसारते हुए अतिक्रमण के कारण आम आदमी महिलाओं स्कूली छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही है।वही अतिक्रमण कार्यों के द्वारा भी नपा प्रशासन से पक्के कमरे या फिर परिसर बनाने की मांग की जा रही है।ताकि अतिक्रमण कार्यों को व्यवस्थित रूप से कमरों मे अपने दुकान का संचालन कर सके।

### डॉली बरहैया ने प्राप्त की पीएचडी की उपाधि

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में अतिथि विद्वान रसायन शास्त्र के पद पर पदस्थ डॉक्टर डॉली बरहैया ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से ₹स्टडीज ऑन इवेल्यूएशन ऑफ कजानस कजान ग्रोन अंडर द मेटल स्ट्रैस कंडिशनर₹ विषय पर शोध निर्देशक डॉ विनोद दुबे शासकीय स्वशासी संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीधी ,मध्य प्रदेश के मार्गदर्शन में रिसर्च पूर्ण की है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पति राजेश यादव सहित परिवारजन पुत्र ध्रुव यादव, माता राजकुमारी बरहैया, पिता अरविंद बरहैया, बहन रानी बरहैया, भाई आलोक बरहैया को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार जनों के अतिरिक्त जुन्नारदेव महाविद्यालय परिवार और नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों ने बधाई प्रेषित की है।

## रिटायर्ड शिक्षक का सम्मान एवं विदाई समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

एकीकृत माध्यमिक शाला माइनस दमुआ में रिटायर्ड शिक्षक सम्मान एवं विदाई समारोह श्रीमान अनिल उकर्रले एवं श्रीमान मंगल सिंह धुर्वे जी का स्कूल स्टाफ के प्रधान पाठक श्री बी आर साहू जी एवं पूरे स्टाफ के द्वारा शाल एवं श्रीफल और फूलमालाओ से स्वागत सत्कार कर स्कूल परिसर में रिटायर शिक्षक का विदाई समारोह का कार्यक्रम किया गया जिसमें स्कूल स्टाफ के साथ मध्यान्ह भोजन की महिलाएं एवं स्कूली बच्चों के पालकगण भी मौजूद रहे कार्यक्रम का सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन कर स्कूल शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा भी पूजन कर उद्बोधन हुआ जिसमे की सभी शिक्षक शिक्षकाओ द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए । विदाई शब्द से ही आंखें भर आती है सभी के उद्बोधन में उनके भाव झलक रहे थे ,बोलते बोलते ही आंखें भर आई सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मिलकर स्कूल में काम किया करते हैं तो हर व्यक्ति के लगाव सा हो जाता है और जब शिक्षक रिटायर हो जाते हैं तो मन में बिछड़ने का दुख होता है कार्यक्रम का मंच संचालन राकेश खातरकर द्वारा किया गया सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बारी-बारी से सभी ने उद्बोधन दिया जिसमें वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रीता उईके ,श्रीमती टेकाम मैडम जी श्रीमती चीना धुर्वे जी, श्रीमती उमा भावरकर जी, श्रीमती दीपिका मालवीय जी ,श्रीमती अलका रुसिया जी, श्री गणी कुमरे सर ,श्री संजय बरबड़े ,श्री ज्ञानेंद्र शर्मा सर, संतोष भैया एवं पत्रकार दुर्गा सिंह राजपूत द्वारा भी उद्बोधन दिया गया ।

## अलाव जलाने की उठ रही मांग, कड़कड़ाती हुई ठंड में ठिठुर रहे हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

शीत ऋतु के इस ठंड के मौसम में लोग ठंडी से ठिठुर रहे हैं शाम से लेकर रात और रात से लेकर सुबह तक सर्द हवाओं के चलते आमजन लोग नागरिक गण एवं ग्रामीण जन भी ठंडी पड़ने से ठिठुर रहे हैं और कड़कडाती ठंड में कपकपा रहे हैं आम जनमानस हलाकान एवं परेशान हो गया है ग्रामीण जन जब बाहर छिंदवाड़ा, जबलपुर, इंदौर, भोपाल , इटारसी, नागपुर आदि महानगरों की ओर जाते हैं और कोर्ट कचहरी अदालत जाते हैं जैसे मामलों में अपने आवश्यक काम निपटाने पहुंचते हैं तो वापस आने पर उन्हें रात हो जाती है और फिर वहां घर जाने के लिए उन्हें कोई साधन उपलब्ध नहीं रहता ऐसी हालत में बेचारे ग्रामीण जनों को दमुआ के ही चौक चौराहे, रेन बसेरा में उन्हें डेरा डालना पड़ता है जिसके कारण वह कपकपाती ठंड में ठिठुरते व परेशान होते हैं इसीलिए नगर पालिका दमुआ प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों एवं पार्षद गण अध्यक्ष सभापति गण जनप्रतिनिधि गण आदि सभी को सोचना चाहिए कि दमुआ शहर के चौक चौराहे मुख्य स्थान जैसे इंदिरा चौक, रैन बसेरा बैरियर क्षेत्र ,दमुआ नंबर 08 का क्षेत्र,नंदन चौक चौराहे पर, माइनस चौक चौराहे पर ,वाशरी चौक चौराहे पर, पुराना दमुआ चौक चौराहे पर, 22-23 खदान के पास रामनगर क्षेत्र में चौक चौराहे पर नंदौरा सहित अन्य 18 वार्डों में मुख्य स्थलों पर में अलाव की व्यवस्था करना चाहिए जिससे कि उनको राहत मिल सके ।कई बार ग्रामीण जन दूर दराज इलाकों से आकर दमुआ क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व अस्पतालों में अपना इलाज करवाते हैं और अस्पताल में एडमिट रहते हैं उनके साथ कुछ परिवार जनों के लोग भी उपस्थित रहते हैं जहां उन्हें रात के वक्त कड़कडाती ठंड में रात गुजारनी पड़ती है ऐसी परिस्थितियों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास भी अलाव की व्यवस्था किया जाना चाहिए।

## भारत संकल्प यात्रा रामपेठ में हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा सौसर क्षेत्र के ग्राम पंचायत में भ्रमण करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रही है। मंगलवार को ग्राम रामपेट में संकल्प यात्रा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान संकल्प रथ यात्रा के माध्यम से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ लेने की अपील की गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ ने कहाप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा हर वर्ग के कल्याण एवं सभी के विकास के लिए सैकड़ो योजनाएं संचालित की जा रही है। आमआदमी के दुख तकलीफ परेशानी को समझते हुए योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों की सेवा की जा रही है।लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए स्कूटी कॉपी किताब गणवेश का वितरण आदि योजनाओं का संचालन हो रहा है जिसका ग्रामीण जनों ने अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड, मोरेश्वर मूर्शकोले जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते, सरपंच गोमाजी उइके, उपसरपंच अनिल बरडे , रविन्द्र भकने, देवाजी तुमडाम, सुनील भूते, सोनू भकने राजेद्र गोजने,गोलू वाडेकर, आदि थे।

### कायदी वैष्णो देवी मंदिर में हवन पूजन व भंडारा आज

**बालाघाट।** कायदी छोटाटोला स्थित मॉ वैष्णो देवी के मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 20 दिसम्बर 2023 को श्री माता वैष्णो देवी का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस संदर्भ में त्रिवेणी पिंडी संगम श्री माता वैष्णो देवी मंदिर कायदी के सचिव गणेश अग्रवाल ने बताया कि श्री गुरुदेव जी के सानिध्य में त्रिवेणी पिंडी संगम श्री माता वैष्णो देवी मंदिर कायदी तहसील वारासिवनी में श्री माता वैष्णो देवी जी का प्राकट्य दिवस 20/12/23 को मनाया जावेगा। जिसमें दोपहर 1 बजे से हवन पूजन का आयोजन किया जायेगा तथा दोपहर 3 बजे से महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें वैष्णो देवी मंदिर समिति कायदी के समस्त पदाधिकारियों ने जिलेवासियों से अधिकाधिक संख्या में श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर महाप्रसादी ग्रहण कर पूण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## जान हथेली पर रखकर किसान जमा कर रहे हैं अपनी उपज का धान मेटाडोर पलटने से घायल हुआ चालक



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर/लांजी।** किरनापुर तहसील के वारा कैंप में जाने वाले मार्ग के खराब होने से आज एक बडी दुर्घटना टल जब एक किसान अपनी मेटाडोर से अपनी उपज का धान जमा करने वारा कैप पहुंचा जंहा उसकी मेटाडोर सड़क पर जंहा तन्हा गड्ढो की वजह से पलट गई जिससे चालक के हाथ में गम्भीर चोटे आई है जिसका किरनापुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।किसानों ने बताया कि यह मार्ग पिछले 3 वर्षों से जर्जर अवस्था में है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है जबकि प्रतिवर्ष मार्ग की खस्ताहाल के बारे में अधिकारियों एंव कर्मचारियो को अवगत कराया जाता रहा है।जबकि प्रतिवर्ष कोई ना कोई किसान का ट्रेक्टर दुर्घटना ग्रस्त हो जाता है।आपको बता दें कि वारा कैप में 4 क्रषि खरीदी केंद्र जिनमे किरनापुर, बड़गांव, बिनोरा एंव वारा के करीब 3 हजार किसान अपनी उपज को जमा करने आते हैं।ऐसी स्तिथि में हजारो किसानों की जान से खिलवाड़ करना कितना न्यायोचित होगा ये तो सरकार और प्रशासन ही जानता है।

### इनका कहना है

इस मार्ग पर जहां तहाँ गड्ढे हो गए हैं जिससे कभी भी गाड़ी पलटने का डर बना रहता है और पिछले 3 वर्षों से यह मार्ग खराब है लेकिन कोई ध्यान नही दे रहा है।अनेक बार अधिकारियों एंव कर्मचारियों को बताया गया लेकिन कुछ नहीं हुआ।

**सुनील हाथीमारे ( किसान)**

सड़क खराब है पिछले वर्ष भी एक ट्रैक्टर पलट गया था कोई ध्यान नहीं दे रहा है जबकि यँहा हजारो किसान अपनी उपज जमा करने आते हैं सड़क की बहुत बड़ी समस्या है जिसे प्रशासन को ठीक करना चाहिए आज भी एक मेटाडोर पलट गई जिससे किसान बाल बाल गया नही तो बड़ी घटना घट सकती थी।

**परमानंद अगासे (किसान)**

मेटाडोर पलटने की जानकारी मुझे आपसे मिली है बाकी मार्ग के खराब होने की जानकारी मेरे पास है और किसानों ने भी मुझे अवगत कराया है बहुत जल्द ही इस मार्ग को दुरस्त कर किसानों की समस्या को दूर किया जाएगा।

**सुधाकर सिंह बघेल**
**(अनुविभागीय अधिकारी राजस्व किरनापुर)**

## श्रीराम कथा का आयोजन 24 से बड़ा श्रीराम मंदिर में

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगर के बड़ा श्रीराम मंदिर में पवित्र नगरी अयोध्या में नवनिर्मित नूतन मंदिर में प्रभु श्रीराम लला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का 22 जनवरी 24 को सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर किया गया हैं। इस दौरान कार सेवकों का सम्मन समारोह भी सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जायेगा, फिर महाआरती एवं महाप्रसादी का वितरण कर शाम 7 बजे से स्थानीय भक्तों द्वारा भजन संध्या एवं दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसके बाद 23 जनवरी को श्रीराम मंदिर परिसर में भारत के सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रदीप वैष्णव नागौर राजस्थान द्वारा शाम 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया हैं। वहीं श्रीराम कथा का आयोजन 24 जनवरी से 1 फरवरी 24 तक होगा, जिसमें कथावाचक मानस मर्मज्ञ संत माधवदास महाराज नौखा राजस्थान द्वारा श्रीराम कथा का वाचन किया जायेगा।

इस कार्यक्रम के दौरान 24 जनवरी 24 को वार्ड नं. 9 में स्थित श्री वाल्मिकी मंदिर से सुबह 11 बजे भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जो नगर भ्रमण के बाद बड़ा श्रीराम मंदिर पहुँचेगी। जहाँ श्रीराम कथा का शुभारंभ व मंगलाचरण होगा। 25 जनवरको शिव पार्वती विवाह, 26 जनवरी को श्रीराम जन्मोत्सव, 27 जनवरी को ताडक़ा वध एवं अहिल्या उद्धार, 28 जनवरी को श्रीराम जानकी विवाह, 29 जनवरी को वनवास प्रस्थान, 30 जनवरी को केवट प्रसंग, 31 जनवरी को भरत मिलाप, 1 फरवरी को लंका दहन, रावध वध एवं श्रीराम राज्याभिषेक होगा। उसके बाद 2 फरवरी को पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा।

कार्यक्रम आयोजक श्रीराम लला महोत्सव समिति वारासिवनी के पदाधिकारियों ने नागरिकों से अपील की हैं कि वह प्रभु श्रीराम के आने की खुशी में 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में दीपक जलाए, रंगोली सजाए एवं लाईटिंग करे तथा 24 जनवरी को समस्त राम भक्त माताएँ, बहने कलश यात्रा में सम्मिलित होने के लिए वाल्मिकी मंदिर वार्ड नं. 9 में प्रातः 11 बजे पहुँचे।इस श्रीराम कथा का सीधा प्रसारण हरिदर्शन चैनल एवं यूट्यूब पर दिखाया जायेगा। श्रीराम कथा का समय प्रतिदिन दोपहर डेढ़ बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया हैं।

### 208 कोबरा बटालियन बड़गांव में सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के एनसीसी के बच्चों को वीर शहीदों की गाथाएं सुनाई



**किरनापुर।** 18 दिसम्बर 2023 को सरदार पटेल विश्वविधालय, बालाघाट के एन.सी.सी कैडेटों के साथ श्री एल.टी अतुल शुक्ला (Associates NCC officer), श्री गुल्शन पटेल (Caretaker Officer) एवं श्री अजय रहडाले (PT Instructer) पर्यटन एवं कैडेटो के ज्ञानवर्धन हेतु 208 कोबरा बटालियन, बड़गोंव के मुख्यालय प्रांगण में आये। उक्त आगन्तुको का स्वागत 208 कोबरा के श्री प्रमोद चौधरी, द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारिगण के साथ मिलकर किया। इस दौरान श्री प्रमोद चौधरी द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा एनसीसी कैडेट को देश की रक्षा में सैनिकों का अमूल्य योगदान एवं शहीद वीर जवानों की वीर गाथाएं सुनाई और देश की रक्षा हेतु भविष्य में सैन्य क्षेत्र में एक कुशल सैनिक के रूप में अपना योगदान देने हेतु प्ररित किया।

### तिरोड़ी से खांदीटोला सड़क मार्ग पर शुरू नहीं हुआ काम

## अधूरा सड़क मार्ग बना राहगीरों के लिए सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



क्षेत्र की मार्यल नगरी तिरोड़ी में निर्माणाधीन तिरोड़ी से खांदीटोला मार्ग राहगीरों, स्थानीय रहवासियों के लिए सिरदर्द बन गया है. करीब 02 माह से सड़क पर निर्माण कार्य बंद है जिससे सभी को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सड़क पर बिछी बारिक गिट्टी और जगह-जगह मुरूम के ढेर से साईकिल, मोटरसाईकिल चलाना तो छोड़िए पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है. ठेकेदार के द्वारा निर्धारित अवधि में यह काम पूरा नहीं किया जा रहा है. खांदीटोला तिरोड़ी का एक प्रमुख हिस्सा है खांदी टोला से हर दिन बड़ी संख्या में मजदूर मार्यल में काम करने के लिए और बच्चे शिक्षा अर्जित करने के लिए तिरोड़ी हाईस्कूल आते है जिन्हें परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है. ठेकेदार और विभाग की घोर लापरवाही के चलते निर्माण कार्य अधूरा है. ग्रामीणों की माने तो विभाग के अफसरों का भी अधूरे सड़क निर्माण की तरफ ध्यान नहीं है ठेकेदार अपने मनमुताबिक काम कर रहा है. करीब 02 माह पहले से सड़क पर बारिक गिट्टी डाल कर वैसे ही रख दी गई है।

बीते कई सालों से तिरोड़ी और खांदीटोला के बीच का सड़क मार्ग अपनी बदहाली पर आंसु बहा रहा था और अब जब निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है तो ठेकेदार तय समय पर काम नहीं कर रहा है. सड़क पर एक तो वैसे ही चलना मुश्किल है और अगर कोई वाहन यहां से गुजर रहा है तो धूल के गुबार से अलग परेशान होना पड़ता है. ऐसे में ग्रामीणों को ठंड के मौसम में श्वास संबंधी बीमारियों के होने का खतरा भी मंडरा रहा है. फिलहाल तो इस निर्माणाधीन सड़क पर कार्य प्रांरभ नहीं होने से ग्रामीणों में बेहद आक्रोश है और वह आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने में जुट गए है मगर, इससे पहले चाहते है कि विभागीय अधिकारी तत्काल संज्ञान ले और सड़क का कार्य शुरू करवाएं।

### तीन राज्यों की सीमा से लगा आमगांव रेलवे स्टेशन रेलवे बोर्ड की उपेक्षा का शिकारः कालबेले



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की अंतिम सीमा में बसा लांजी किरनापुर जो कि लगभग 100 किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है लांजी विधानसभा और उसके आसपास के लगभग 5 लाख की आबादी जिसका प्रमुख रेलवे स्टेशन आमगांव रेलवे स्टेशन है जो रेलवे बोर्ड के उपेक्षा की शिकार है इस क्षेत्र से बड़ी संख्या में आमगांव रेलवे स्टेशन से देश के अलग-अलग प्रदेशों की यात्रा की जाती है इस क्षेत्र से व्यापार के सिलसिले में बड़ी संख्या में व्यापारी भी दिल्ली मुंबई रायपुर और नागपुर की यात्राएं करते हैं इसके अलावा इस क्षेत्र का सबसे ज्यादा पलायन हैदराबाद के लिए होता है आम लोग अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए हजारों की संख्या में प्रतिदिन हैदराबाद पलायन करते हैं आमगांव रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन मुंबई के लिए 7 से 8 ट्रेनें,दिल्ली के लिए तीन से चार ट्रेन,और हैदराबाद जाने के लिए दो से तीन ट्रेनें चलती है इसके अलावा देश के प्रमुख प्रमुख शहरों में भी ट्रेन इस रेलवे स्टेशन से गुजरती है लेकिन इस क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि आमगांव रेलवे स्टेशन पर देश के प्रमुख राज्यों में जाने वाली ट्रेन का स्टॉपेज नहीं दिया गया है जिससे इस क्षेत्र में आम लोगों के बीच एक आक्रोश का माहौल है इस क्षेत्र के लोगों को लंबी दूरी की ट्रेन पकड़ने के लिए आमगांव से 30 किलोमीटर दूर गोंदिया की यात्रा करनी पड़ती है आमगांव रेलवे स्टेशन में प्रमुख ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने के कारण लांजी जैसे छोटे से क्षेत्र से अपनी रोजी-रोटी कमाने जा रहे लोगों को बसों से यात्रा करनी पड़ती है हैदराबाद के लिए प्रतिदिन 8 से 10 बसें चल रही है प्रशासन के लिए यह भी बड़ा चिंतन वाला विषय है कि इस छोटे से क्षेत्र में प्रतिदिन हजारों की संख्या में पलायन होता है लांजी किरनापुर क्षेत्र में उद्योग धंधे की व्यापार संभावनाएं होने के बावजूद प्रदेश सरकार की उपेक्षा दूसरी तरफ रेलवे बोर्ड का आमगांव रेलवे स्टेशन रेलवे स्टेशन के प्रति उपेक्षा समझ से परे है।

## सैकड़ों लोगों ने ली दीक्षा : नरेंद्र आचार्य की चरण पादुका दर्शन करने लिए उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



जगतगुरू रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेन्द्राचार्य महाराज दक्षिण पीठ नाणीजधाम (महाराष्ट्र) की चरण पादुका दर्शन के लिए मंगलवार को कटंगी में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा. कटंगी नगर के सरकारी अस्पताल मैदान में चरण पादुका के दर्शनार्थ भव्य समारोह का आयोजन किया गया. इससे पहले स्व-स्वरूप संप्रदाय के नेतृत्व में संप्रदाय की महिलाओं ने शक्ति विद्या मंदिर स्कूल परिसर से विशाल कलश और भगवा ध्वज रैली निकाली. जिसने पूरे शहर का भ्रमण कर सरकारी अस्पताल मैदान में विराम लिया. यहां नाणीजधाम से आई महिला प्रवचन कर्ता ने स्वामी नरेंद्राचार्य की पादुका की पूजा की और नरेंद्राचार्य द्वारा लिखित लीलामृत धर्म क्षेत्र ग्रंथ के अध्याय का पठन किया. प्रवचन में कहा कि मोक्ष की प्राप्ति के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सदगुरु का सहारा लेना पड़ता है. उन्होंने जीवन के तीन मूल मंत्र देते हुए कहा एक दिन के 24 घंटे में से किसी भी समय 10 मिनट एकाग्र मन से भक्ति करें. 23 घंटे 50 मिनट आप अपने सारे काम कीजिए. 10 मिनट स्वामी का नाम स्मरण करने से भाग्य बदलेगा. विकार दूर होंगे. भगवान भाव का भूखा होता है जो भी जगतगुरू के सानिध्य में आता है उसके सारे कष्ट दूर हो जाते है. बस यह विश्वास मन में बनाए रखना है. इसलिए आज से ही भक्ति में लग जाए और फिर अपने जीवन में जो बदलाव आएगा उसे आप स्वयं अनुभव कीजिए. उन्होंने कहा कि जगतगुरु का एक मंत्र है कि सपने में भी किसी का बुरा न सोचें. उन्होंने कहा वेद भगवान है. उन्होंने समानता, समरसता और एकता के सूत्र में पिरोने का मंत्र दिया. इससे पहले स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज के द्वारा चलाए जा रहे कार्यों की विस्तार से वीडियो के जरिए जानकारी प्रसारित की गई. वहीं किसानों को निशुल्क दवाओं का छिड़काव करने वाले उपकरण भी वितरीत किए गए. प्रवचन कार्यक्रम समापन के पश्चात समारोह में पहुंचे करीब 200 से अधिक लोगों ने दीक्षा ग्रहण की।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे अधिकारियो से क्रमोन्ति और अन्य मुद्दों पर चर्चा की

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शिक्षक कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने आज जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे अधिकारियो से क्रमोन्ति, और अन्य मुद्दो पर चर्चा की। सहायक संचालक द्वय श्री आर .आर . मेहता एवं आर .पी .पाटिल ने बताया कि क्रमोन्ति नियुक्ति दिनांक से पूर्ण वेतन मान के कार्यालय मे प्राप्त सभी प्रकरणो का परीक्षण कर आदेश जारी कर दिए गए है। श्री मेहता ने बताया कि जिस संकुल प्राचार्य कार्यालय से समय पर सेवा पुस्तिका नही भेजी गई उन्हे कारण बताओ नोटिस भेजा जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष श्री नरेंद्र मिश्र के नेतृत्व मे मिला उनके साथ सवश्री अरुण कुमार मिश्र अध्यक्ष सिवनी तहसील सचिव आर एस राजपूत ,जिला उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, कोषाध्यक्ष विजय कोकने एवं श्री चौरसिया उपस्थित थे।

# सांसद ने शीतकालीन सत्र में गोटेगांव रामटेक एवं शिकारा रामटेक नई रेललाईन का उठाया मामला



## वैकल्पिक रेलमार्ग से करीब दो सौ किमी की दूरी होगी कम- डॉ.बिसेन

**संसदीय क्षेत्र बालाघाट के जिला सिवनी की जनता लगभग 40 वर्षों से नागपुर को जबलपुर से व्हाया सिवनी होकर जोड़ने वाले रेलमार्ग की मांग कर रही है। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व.नरसिम्हा राव द्वारा रामटेक से गोटेगांव (श्रीधाम) रेलमार्ग की घोषणा भी की गई थी, किंतु आज तक इस नई रेल लाईन के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गई।**



**पिछले कुछ वर्षों से शिकारा से सिवनी होकर नागपुर रेललाईन की मांग जोर पकड़ रही है। यदि यह वैकल्पिक रेलमार्ग बनाया जाता है तो दक्षिण और उत्तर के बीच की करीब दो सौ किलोमीटर की दूरी कम हो जायेगी, साथ ही इटारसी जंक्शन पर भी लोड कम हो जायेगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उक्ताशय का मामला बालाघाट सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने लोकसभा के शीतकालीन सत्र में नियम 377 के अधीन आसंदी के माध्यम से केंद्रीय रेलमंत्री के समक्ष रखा है। इस परिप्रेक्ष्य में डॉ. बिसेन ने आसंदी के समक्ष यह बात रखी कि सिवनी जिले की जनता पिछले 40 वर्षों से सिवनी होकर नागपुर से जबलपुर को जोड़ने वाले रेलमार्ग की मांग कर रही है। इस मांग पर ही तत्कालीन रामटेक लोकसभा क्षेत्र



के सांसद और प्रधानमंत्री स्व.नरसिम्हा राव द्वारा वर्ष 1992 में गोटेगांव की एक सभा में गोटेगांव (श्रीधाम) से रामटेक रेलमार्ग की घोषणा की गई थी। देश के प्रधानमंत्री की घोषणा के बावजूद इस नई रेललाईन के लिए आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। यदि यह लाईन बन जाती तो उत्तर और दक्षिण के बीच की दूरी करीब दो सौ किलोमीटर कम हो जाती और महाराष्ट्र की ऑरेंज सिटी नागपुर मध्यप्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर से सीधे जुड़ जाती। इस रेललाईन से मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की पांच लोकसभा एवं आठ विधानसभा के लोगों को सीधा लाभ पहुंचता। दूरी कम होने से पैसेंजर एवं मालवाहक टे्नों को भी सीधा वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो जाता तथा इटारसी जंक्शन का भी ट्रॉफिक दबाव कम होता।

**सांसद द्वारा एक अन्य वैकल्पिक रेलमार्ग शिकारा सिवनी रामटेक की उठाई जा रही मांग पर भी आसंदी का ध्यान आकृष्ट करते हुए आग्रह किया गया कि किसी भी एक वैकल्पिक रेलमार्ग को स्वीकृत किया जाना जनहित में होगा।**

# नेशनल कराते चैंपियनशिप गोवा के लिए सिवनी टीम रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला कराते संघ सिवनी के कराते खिलाड़ी आज सुबह गोवा में होने जा रही SCKFI 11th नेशनल कराते चैम्पियनशिप, पंजी, गोवा में दिनांक - 23 - 24 दिसम्बर में सिवनी के कराते खिलाड़ी भाग ले रहे है। शिहॉँन ओमकार कश्यप ने बताया कि इस कराते चैंपियनशिप में टीम लेकर सेंसेई राधिका कश्यप, कु.पावनी उइके, धैर्य सोनी, अनन्या तिवारी, कृतिका पांडे, हुमशिख पन्द्रे, अमिताभ सिंह बघेल, प्रशंशा वर्मा, मोनिका परते, हिमांशी पटेल, मीनाक्षी कश्यप, यशवंत कश्यप, आज गोआ के लिए रवाना हुए जिन्हें जिला कराते संघ सिवनी के पदाधिकारी एवं पालको के समस्त कराते खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी

### जिला स्तरीय इंडियन कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर

छपारा- स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के हाल में 16 एवं 17 दिसंबर को जिला स्तरीय इंडियन कराते प्रतियोगिता मध्य प्रदेश कराते प्रमुख राजेंद्र सिंह तोमर के निर्देश अनुसार कराई गई जिसमें सिवनी बखारी,सुनवारा ,भीमगढ़ , सादक सिवनी ,लखनादौन, पलारी ,धनोरा ,घंसौर ,छपारा,के कराते खिलाड़ियों ने भाग लिया चयनित सभी खिलाड़ी आगामी राज्य राज्य स्तरी इंडियन कराते प्रतियोगिता में जो छिंदवाड़ा में 30 - 31 दिसंबर को आयोजित है मैं शामिल होंगे स्पर्धा में



ओमकार महोबे टेक्निकल डायरेक्टर इंडियन कराटे इंटरनेशनल रेफरी साथ में हनुमान तिवारी मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स स्पोर्ट्स कराते संगठन के उपाध्यक्ष व इंटरनेशनल रेफरी विनोद चौधरी रेफरी जिला रायसेन गितेश प्रजापति रेफरी ज्योति चंद्रवंशी ,अन्नपूर्णा धुर्वे ,कशिश साहू ,पलक बर्मन ,खुशी अवधिया, गायत्री नेताम,रिया साहू ,मेघा प्रजापति ,अंशिका साहू ,राजेंद्र यादव ,लोकेश कुमरे ,कुशाग्र ,सूर्यांश, वीनस ,देवांश सभी ने प्रतियोगिता संपन्न कराई पुरस्कार वितरण में एसकेडीए अध्यक्ष जयदीप सिंह चौहान प्रशांत श्रीवास्तव,ओम शिवे पंकज जोलदेव स्वर्णिम साहू, सेवानंद कश्यप, सुनील सनोडिया एवं अभिभावकों सहित सभी को सम्मानित किया गया।

### पेंशन तो शासकीय सेवकों की पूर्व सेवाओं का भुगतान है- नायर

# परम्परानुसार इस वर्ष भी मनाया गया पेंशनर्स गौरव दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला पेंशनर्स एसोसिऐशन के तत्वाधान में पेंशनर्स गौरव दिवस का जिला स्तरीय आयोजन संभागीय पेंशन अधिकारी अजय सामदेकर जबलपुर के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिऐशन के प्रांत अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे एवं जिला पेंशन अधिकारी श्री डुडवे के विशिष्ट आतिथ्य एवं संगठन के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सिसोदिया, उप प्रांत अध्यक्ष डी.बी.नायर की संयुक्त अध्यक्षता में पंवार भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री सामदेकर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन क साथ किया गया। इस अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जहां पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियां प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पेंशनर्स एसोसिऐशन के प्रांताध्यक्ष डी.बी.नायर ने पेंशनर्स दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रक्षा मंत्रालय से सेवानिवृत अधिकारी डी.एस.नाकरा द्वारा प्रस्तुत याचिका पर



माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश वाय.पी.चंद्रचूड़ ने अपने 17 दिसम्बर 1982 के निर्णय में स्पष्ट किया था कि पेंशन न तो नियोक्ता की इच्छा पर निर्भर है और न ही यह अनुग्रह का विषय है। यहां तक कि यह पूर्व भुगतान का भी कोई विषय नहीं है। पेंशन तो सेवा निवृत कर्मचारी को उसके द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान प्रदान की गई सेवाओं का भुगतान है। यह सामाजिक कल्याणकारी उस न्याय की श्रेणी में आता है जो कर्मचारी द्वारा जीवन के अपने महत्वपूर्ण दिनों में नियोक्ता के लिए इस आश्वासन पर काम करता है कि वृद्धावस्था में उसे आर्थिक तौर पर असहाय नहीं होने दिया जायेगा। श्री नायर ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के इस ऐतिहासिक निर्णय के पारित होने की तिथि 17 दिसम्बर वर्ष 1983 को ही देश में पेंशनर्स गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। पेंशनर्स दिवस के इस अवसर पर संगठन द्वारा प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए उनसे अपेक्षा व्यक्त की गई कि वे अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बीमार पेंशनरों के लिए 80 के दशक से निःशुल्क औषधि वितरण की कुछ समय पूर्व बंद की गई योजना को पुनः चालू कर पेंशनरों की अन्य लंबित आर्थिक मांगों पर भी सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेंगे। कार्यक्रम में एडवोकेट राजकुमार दुबे, लक्ष्मण सिंह सिसोदिया, भागचंद सनोड़िया, आईएल सनोड़िया एवं जी.पी.भार्गव द्वारा पेंशनरों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, केन्द्र की भांति महंगाई राहत उसी तिथि से देने की मांग का एक प्रस्ताव पारित किया गया। इस संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह प्रस्ताव आग्रह के साथ विधायक दिनेश राय मुनमुन के माध्यम से मुख्यमंत्री म.प्र. शासन तक भेजा जायेगा। अंत में संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष भागचंद सनोड़िया द्वारा जिले भर से आये पेंशनरों, अतिथिगणों के साथ ही संगठन की गतिविधियों का समय समय पर प्रचार प्रचार करने के लिए प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडियों सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

# अपने माता पिता की स्मृति में ओपन जिम लगा नगर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया

**केवलारी।** समाज सेवी गणेश पंचेश्वर, जी ने अपने माता पिता स्व. श्री बलीराम पंचेश्वर एवं श्रीमती पुनिया पंचेश्वर की स्मृति में वर्षी के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ केवलारी में 1 कुण्डीय यज्ञ के साथ ऑपन जिम को स्थापित कर गायत्री परिवार को समर्पित किया।

गायत्री परिवार निरंतर समाज उत्थान, एवं समाज के आत्मिक, शारीरिक, एवं शारीरिक स्वास्थ्य सुधार हेतु केवलारी गायत्री शक्तिपीठ एवं समाज सेवीयों के माध्यम से किया जा रहा है।

पूर्व में प्रतिदिन प्रातः योग कक्षा, रसाहार केंद्र, एक्यूप्रेशर पथ गार्डन, और यज्ञ - साधना आदि नियमित व्यवस्थित एवं निःस्वार्थ संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में गायत्री परिवार के इन उपरोक्त निःस्वार्थ प्रयासों से प्रेरित होकर हमारे बीच के उदार हृदय श्री गणेश पंचेश्वर जी के द्वारा अपने माता पिता की पुण्य स्मृति में आधुनिक ऑपन जिम का पूरा सेटअप गायत्री शक्तिपीठ में दान कर मानव सेवा ही माधव सेवा के भाव से प्रांगण में दान किया। ताकि केवलारी के सभी जनमानस के उत्तम स्वास्थ्य के धेय से यह पुनीत कार्य दिनाँक रविवार को समय 12 बजे से स्वास्थ्य संवर्धन रैली निकालकर, एवं लोकार्पण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर पंचेश्वर परिवार के सभी सदस्य, रिस्तेदार, एवं मित्र प्रियजनों की गरिमापूर्ण उपस्थिति में लोकार्पण शिलान्यास पत्थर से पर्दा हटाकर, एवं शंखनाद के साथ ओपन जिम की सुरुवात हुई। श्री दुर्गा प्रसाद साहू जी ने पंचेश्वर परिवार के तीनों भाइयों का तिलक लगाकर सम्मान किया। सभी मेहमानों, एवं कार्यक्रम में आये हुए परिजनों को रुचिकर भोजन भी कराया। श्री पंचेश्वर परिवार के द्वारा यहाँ के जूस सेंटर में विभिन्न प्रकार के जूस ( अनानास, गाजर, चुकुन्दर, नारियल, आदि का जूस ) निःशुल्क वितरित कराया गया। गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुरेन्द्र साहू ने आभार व्यक्त कर समस्त पंचेश्वर परिवार का स्वागत कर एवं प्रसन्नता व्यक्त किया। इस अवसर पर योग प्रभारी योगाचार्य गणेश लाल झारिया, मार्गदर्शक बालगोविंद पाठक, मुकेश तिवारी, संतोष नागोत्रा, डॉ अविनाश तिवारी, डॉ मदन दुबे, मनोज बबलू दुबे, दीपक डेहरिया, घेवरचंद अवधिया, अमरचंद साहू , गजेन्द्र बोपचे श्यज्ञाचार्य, किशोर चौधरी, श्रीकांत साहू , गजेंद्र पटले, विनय टेम्भरे , उत्कर्ष साहू, श्रीमति अनुसुइया साहू, कु.ज्योति चौधरी एवं समस्त महिला मंडल, एवं गायत्री परिवार केवलारी, की उपस्थिति रही। सभी केवलारी वासियों ने गणेश पंचेश्वर एवं समस्त परिवार के इस पुनीत एवं प्रारणादायी कार्य की दिल से प्रसंशा किया।

स्वास्थ्य संवर्द्धन रैली आरम्भ हुई - मां भवानी इलेक्ट्रिकल एवं मोटर वाइंडिंग पंचेश्वर प्रतिष्ठान उगली नाक केवलारी से गायत्री शक्तिपीठ केवलारी तक, सैंकड़ों भाई बहनों ने भाग लिया।

# नगर परिषद केवलारी के सात पार्षदों ने मांगा धारा 120 के तहत आय व्यय का विवरण

**नगर परिषद केवलारी के सात पार्षद ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद केवलारी को ज्ञापन सौप कर निर्वाचन के उपरांत नगर परिषद के केवलारी में हुए संपूर्ण व्यय एवं अन्य निर्माण कार्यों के लेखा-जोखा की मांग की है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

### मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद केवलारी को सौपा ज्ञापन



समस्त सातों पार्षद ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 120 की उपधारा (3) के तहत परिषद द्वारा लेखाओं की जांच किये जाने के प्रयोजनों के लिए परिषद् की पहुँच नगरपालिका/परिषद के समस्त लेखाओं तक तथा उनसे संबंधित समस्त अभिलेखों तथा पत्रादि तक होगी और मुख्य नगर पालिका परिषद को ऐसा स्पष्टीकरण देगा, जिसकी मांग वह प्राप्तियों तथा व्यय के संबंध में करे। पार्षदों द्वारा अपने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अधोहस्ताक्षरित पार्षदों का निर्वाचन वर्ष 2022 में हुआ था, एवं तबसे लेकर आज दिनांक तक नगर परिषद द्वारा किये गये व्ययों का वर्णन अधोहस्ताक्षरित पार्षदों के समक्ष प्रस्तुत नही किया गया है, जो कि धारा 120 का उल्लंघन है। पार्षदों द्वारा अपने ज्ञापन पर मांग करते हुए उल्लेख किया गया है कि ज्ञापन प्राप्त होने के 7 दिवस के अंदर नगर परिषद के 2022 में गठन दिनांक से ज्ञापन दिनांक तक का नगर परिषद के आय एवं व्यय से संबंधित कैशबुक, प्रस्ताव एवं समस्त प्रमाणक प्रस्तुत करने की मांग की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद केवलारी को ज्ञापन सौंप कर मांग करने वाले पार्षदों में वॉर्ड नंबर 8 आजाद वार्ड से स्वराज बघेल, वार्ड नंबर 12 मालवी वार्ड से नीरज रानू ठाकुर, वॉर्ड नंबर 11 से श्रीमति अनुसुईया साहू, वार्ड नंबर 3 से श्रीमती मिथलेश नीरू तेकाम, वॉर्ड नंबर 4 से श्रीमति देवकी साहू, राजकुमारी उईके , वॉर्ड नंबर 5 राममिलन कुर्वेती सामिल रहें।

### जनसुनवाई में प्राप्त हुए 59 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप सहित सभी विभाग प्रमुखों की भी उपस्थिति रही।

आयोजित हुई जनसुनवाई में आज गांधी वार्ड निवासी भूपेन्द्र कुमार जैन द्वारा मंहगाई भत्ता एवं डीए की राशि का भुगतान कराऐ जाने विषयक, ग्राम चिरचिरा निवासी आशा परते द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, ग्राम धारनाकलॉ बरघाट निवासी सुरेन्द्र अग्रवाल द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं बीपीएल कार्ड बनाने विषयक, ग्राम मारबोड़ी निवासी रोशनलाल कलार द्वारा निवासरत भूमि का पट्टा प्रदान किए जाने, ग्राम साल्हे कोसमी निवासी दिनेश पटले द्वारा संनिर्माण कर्मकार मण्डल योजनान्तर्गत कर्मकार कार्ड बनाए जाने विषयक, ग्राम बीसापुर निवासी संतलाल तेकाम द्वारा विक्रय की गई फसल का भुगतान कराए जाने विषयक, ग्राम जाम निवासी संतकुमार यादव द्वारा खाद्यान्न पर्ची में नाम जोड़ने कलेक्टर श्री सिंघल ने प्राप्त आवेदनों के नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

# स्वच्छता अभियान के जनक संत गाडगे बाबा महाराज की पुण्य तिथि आजः अलकेश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के रहने वाले अलकेश रजक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रजक महासंघ मप्र ने जानकारी देते हुए बताया कि मानवता मात्र के पुजारी एक ऐसे महान संत जिन्होंने जन जागरण कर लोगों को शिक्षा स्वच्छता समरसता के प्रति तब जागरूक किया जब समाज कई अभावों,विसंगतियों,चुनौतियों से जूझ रहा था..वह जिस गांव में जाते थे उस गांव की साफ सफाई ,स्वच्छता के लिए खुद आगे आ कर समाज को साथ ला कर प्रेरणा दिया करते थे झाड़ू लगाना नाली की सफाई ऐसे कार्यों को वे हीन कार्य ना मान कर निसंकोच हो कर करते थे और सभी को स्वयं उदाहरण बन कर प्रेरित करते थे इस कार्य में उन्हें गांव के लोग सहयोग के रूप में कुछ दान देते थे उसे हम उनका पारिश्रमिक भी कह सकते हैं उस राशि से वह गरीब के बच्चों को पढ़ने स्वास्थ्य संबंधित निदान करना धर्मशाला बनाना और अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए इत्यादि कार्य किया करते थे उस महान संत का नाम है संत गाडगे जी महाराज संत गाडगे बाबा ने अपने जीवन काल में अनेकों चिकित्सालय धर्मशाला पाठशाला इत्यादि का निर्माण किया सब समाज को समर्पित किया

आज स्वच्छता अभियान का जो दृश्य दिख रहा है यदि सही मायने में माना जाए तो स्वच्छता अभियान के जनक संत गाडगे जी महाराज ही है सबसे पहले स्वच्छता को लेकर के जागरूकता संत गाडगे जी महाराज ने की इसका उदाहरण है महाराष्ट्र में संत गाडगे जी महाराज के नाम पर अनेकों चिकित्सालय एवं पाठशालाएं निर्मित




है परंतु अब उन्हें भुलाया जा रहा है..इसकी स्थित की समीक्षा करें तो ये हमारी कमी भी दर्शाता ,हम पर प्रश्न चिन्ह खड़े करता है.. हमें उन के कार्यों पर गर्व होना चाहिए, उन्हीं के मार्ग पर गौरव के साथ बढ़ना चाहिए.. आज हम देख रहे हैं की महापुरुषों को संतो को लोग अपनी जाति के अनुसार मान रहे हैं मेरा मानना यह है जो संत होते हैं वह किसी जाति के नहीं होते समाज के होते हैं संत गाडगे जी महाराज का जन्म रजक धोबी समाज में हुआ उसके बावजूद उन्होंने जो कार्य किया मात्र अपनी अपनी जाति के लिए नहीं बल्कि , समाज का अंग,आदर्श नागरिक और एक संत के नाते सम्पूर्ण समाज के लिए किया ..लोगों को नागरिक अनुशासन का स्वयं कार्य कर के पाठ पढ़ाया..वह जब सफाई , शिक्षा देने जाते थे वे किसी की जाती नहीं पूछते थे सभी के लिए भाव सामान्य रहता था क्योंकि वह वास्तविक में संत ही थे स्वयं को पुजवाने वाले नहीं



समाज को सुधारने वाले प्रवचन देकर नहीं कर्म करके दिखाने वाले संत थे संत गाडगे जी महाराज

गाडगे महाराज, जिन्हें लोकप्रिय रूप से संत गाडगे जी महाराज या गाडगे बाबा कहा जाता था. एक संत और समाज सुधारक थे. व्यापक रूप से महाराष्ट्र के सबसे बड़े समाज सुधारकों में से एक के रूप में माना जाता है, उन्होंने कई सुधार किए हैं. गाँवों का विकास और उनकी दृष्टि अभी भी देश भर के कई दान संगठनों, शासकों और राजनेताओं को प्रेरित करती है. उनके नाम पर कॉलेज और स्कूल सहित कई संस्थान शुरू किए गए हैं. उनके बाद भारत सरकार द्वारा स्वच्छता और पानी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा की गई. उनके सम्मान में अमरावती विश्वविद्यालय का नाम भी रखा गया है. उनके सम्मान में महाराष्ट्र सरकार द्वारा 'संत गाडगेबाबा ग्राम स्वछता अभियान' शुरू किया गया था.

गाडगे बाबा जी का वास्तविक नाम देवी दास देबू की जानोकर था उनके पिताजी का नाम झिंगरा जी जनोकर एवं मां का नाम सुखवंती था

नाम संत गाडगे महाराज और गाडगे बाबा वास्तविक नाम देविदास डेबुजी जानोरकर इनका जन्म 23 फरवरी 1876 महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेडगाँव गाँव में एक धोबी परिवार में हुआ था. वह अपने नाना के घर मुर्तीजापुर तालुक के दापुरी में पले-बढे थे. बचपन में उन्हें खेती और मवेशियों में दिलचस्पी थी. उन्होंने 1892 में शादी की और उनके तीन बच्चे थे. अपनी बेटी के नामकरण समारोह के दौरान, उन्होंने पारंपरिक शराब के बजाय मीठे के साथ शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसा. उन्होंने 1 फरवरी 1905 को एक संत के रूप में अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए अपने परिवार को छोड़ने से पहले अपने गाँव में एक स्वयंसेवक के रूप में काम किया.उन के व्यक्तित्व और कार्य से प्रभावित हो कर गांधी,अंबेडकर जैसे नायक भी उन से प्रेरणा,दृष्टिकोण,मार्गदर्शन प्राप्त करने आते थे..उन्होंने छोटे कहे जाने वाले समाज के लिए आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य कर पूरे भारतीय समाज को एक सूत्र में बांध कर समाज के स्व की जागृति के लिए कार्य किया,समाज को स्वालंभी ,आत्मनिर्भर,सामर्थ संपन्न बनाने का ऐसे कार्य किया जिसे आगे बढ़ा कर एक आदर्श समाज का निर्माण किया जा सके।

वह अपनी पहचान झाड़ू लेकर चलते थे और टोपी पहनते थे. जब भी वह किसी गाँव में पहुँचते थे तो वह गाँव की नालियाँ और सड़कें साफ करते थे और अगर ग्रामीणों द्वारा पैसा दिया जाता है, तो वह इसका इस्तेमाल समाज के लिए कुछ अच्छा करने के लिए करते थे. गाडगे महाराज ने कई शैक्षणिक संस्थानों, धर्मशालाओं, अस्पतालों और पशु आश्रयों को उनके द्वारा प्राप्त धन के साथ शुरू किया है. उन्होंने कीर्तन के रूप में भी कक्षाएं संचालित कीं, ज्यादातर कबीर के दोहे समाज को नैतिक सबक देते हैं. उन्होंने लोगों से सरल जीवन जीने, धार्मिक उद्देश्यों के लिए पशु वध को रोकने और शराब के खिलाफ अभियान चलाने का अनुरोध किया. उन्होंने गरीबों को कड़ी मेहनत, सरल जीवन और निस्वार्थ सेवा का उपदेश दिया. उन्होंने अनाथों और विकलांगों के लिए धार्मिक स्थानों और घरों में धार्मिक स्कूल भी स्थापित किए. 20 दिसंबर, 1956 को अमरावती जाते समय महाराज की मृत्यु हो गई.।.

उन्होंने अपने जीवन काल में स्वयं ऐसे कार्य किए और ऐसे उदाहरण स्थापित किए जो आज भी नागरिक अनुशासन का पाठ पढ़ाते हैं और आगे भी सभी को प्रेरित करेंगे .. आज भी समाज में कई चुनौतियां हैं,ऐसे में उन के पढ़ाए गए पाठ को पुनः पढ़ कर कार्य करने की आवश्यकता है..तभी हम एक आदर्श समाज का निर्माण कर पाएंगे..और एक आदर्श नागरिक के नाते अपने सभी कर्तव्य निभा पाएंगे।

उन की पुण्य तिथि पर , उन के कार्य को आगे बढ़ाना, उन के आदर्शों पर चल कर और समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे कर उन्हें हम श्रद्धांजलि देने का संकल्प लें..यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी..

# शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को मिली 20 साल की सजा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना कोतवाली मे प्रार्थी के पिता ने दिनांक 29.08.2020 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की उम्र 16 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। सूचना पर थाना सिवनी कोतवाली द्वारा धारा 363 भादवि0 मे अपराध पंजीबद्ध कर नाबालिग बच्ची एवं आरोपी को दिनांक 07/09/2020 को दोपहर करीब 12 बजे ग्राम अस्तौन जिला टीकमगढ़ से दस्तयाब किया गया। नाबालिग बच्ची से पूछताछ कर उसके बयान लेखबद्ध किया गया पीड़िता ने बताया कि कि आरोपी शेखर उर्फ शिवा पिता स्व. राधेश्याम उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम थावरी थाना चौरई जिला छिंदवाड़ा से शादी में मिली थी जान-पहचान होने से आरोपी उसका फ़ायदा उठाकर दिनांक 29/08/2020 को सुबह करीब 10:00 बजे फोन कर बोला कि मैं तुम्हें पसंद करता हूं और तुमसे शादी करना चाहता हूं कहकर करीब 03:00 बजे मेरे घर मुझे लेने आया और बहला-फुसलाकर रास्ते में चलने वाली किराये की गाड़ी से टीकमगढ़ अपने बुआ के घर ले गया एवं शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया। नाबालिग पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी शेखर उर्फ शिवा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 1165/2020 के अन्तर्गत धारा 363,366ए,376,376(2)(n) 376(3)344 भादवि0,3,4,5l,6 पाक्सो एक्ट में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तद्उपरांत अभियोग पत्र संपूर्ण कार्यवाही के उपरांत माननीय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो के न्यायालय में अभियोजन पत्र प्रस्तुत किया गया संपूर्ण कार्यवाही के उपरांत विशेष लोक अभियोजक श्रीमती दीपा ठाकुर जिला अभियोजन अधिकारी जिला सिवनी के द्वारा अपने तर्क माननीय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) के समक्ष प्रस्तुत किये, माननीय न्यायालय द्वारा सभी साक्षियों के कथन एवं अभियोजन के तर्क से सहमत होते हुए आरोपी शेखर के विरुद्ध निर्णय पारित किया गया एवं निर्णय के दौरान आरोपी को धारा 366ए भादवि0 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड, धारा 376(3) भादवि0 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदंड, धारा 5(l)/6 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदंड। प्रतिकर अधिनियम 2015 के अन्तर्गत प्रतिकर की राशि पीड़िता को एक लाख रुपए दिलाये जाने के आदेश पारित किये गये।।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने मुक्त कराए 9 नग मवेशी



**कटंगी।** कटंगी पुलिस ने मूक मवेशियों को क्रूरता पूर्वक मारपीट करते हुए तस्करी करने के मामले में तीन लोगों पर मामला पंजीबद्ध किया है. जिनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है. अपराधियों के पास से 9 नग मुक मवेशी भी बरामद किए गए हैं उन्हें मुक्त कराकर कटेधरा स्थित कामधेनु गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया गया है. पुलिस ने इस कार्रवाई को कतरकना बाईपास पर अंजाम दिया. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार इस मामले में देवेंद्र पिता इमरत पटले निवासी वार्ड क्रमांक 2 अर्जुननाला, जीवन पिता जगराम राहंगडाले निवासी कटेधरा और गणेश पिता चेतराम सहारे निवासी विरवोही थाना अरी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया जिनके खिलाफ मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4,6,9 और पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 घ की कार्रवाई की गई।

### कलेक्टर ने कक्षा 10 और 12वीं की तैयारियों के लिये प्राचार्यों सहित बीईओ और बीआरसी के साथ की बैठक



**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को आगामी बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारियों के मद्देनजर समस्त प्राचार्यों बीईओ और बीआरसी के साथ शासकीय एमएलबी बालक व कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बैठक ली। इस दौरान उनहोंने कहा कि छात्रों के लिये जो भी समय बचा है अति महत्वपूर्ण समय है उनकी पढ़ाई पर अब अंतिम रूप से फोकस होकर आप लोगों को ज्यादा मेहनत करनी होगी। अब परीक्षा में सुधान व उन्नयन के लिये अंतिम सप्ताह तक विद्यार्थियों को प्रश्न बैंक और मॉडल प्रश्नों के उत्तर तैयार कराकर लगातार अभ्यास कराये। इसके अलावा यदि कोई विद्यार्थी नियमित नही हो रहे है तो प्राचार्यो व शिक्षकों से सम्पर्क कर 40 दिनों सफल प्रयास के लिये सावधान करे।

### जनवरी माह में आयोजित होंगे एलटीटी व एनएसवी के फिक्स डे शिविर

**बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत एलटीटी व एनएसवी के फिक्स डे कैम्प जनवरी माह में आयोजित होंगे। यह कैम्प 6 जनवरी से 31 जनवरी तक जिले के भिन्न-भिन्न स्थानों पर लगातार आयोजित होंगे।

# किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी, बोले : मंडई में खरीदी केंद्र नहीं बनाने से 12 किमी दूर उपज बेचने जा रहे किसान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में धान खरीदी के लिए 185 केंद्र बनाए हैं। प्रशासन का दावा है कि उपार्जन को सर्वोच्च प्राथमिकता से कर रहे हैं। इसके बावजूद जिले के किसान परेशान हो रहे हैं। उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी है। मंडई सोसायटी क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यहां खरीदी केंद्र नहीं बनाया है। इस कारण किसान 12 किमी दूरी तय कर उपज बेचने जा रहे हैं। इस सोसायटी से संबंधित 33 गांवों के किसान प्रभावित हो रहे हैं।



क्षेत्र के किसानों ने मंगलवार को बालाघाट मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। इसमें मंडई सोसायटी में खरीदी केंद्र बनाने की मांग की। किसान शंकरलाल ठाकरे ने बताया कि पिछले साल धान खरीदी में राकेश पटले और संलिप्त मैनजर से लेकर जिलास्तर तक लोगों ने 19 लाख का गबन किया था। इसकी सजा क्षेत्र के किसान भुगत रहे हैं। मंडई सोसायटी को धान खरीदी केंद्र न बनकार किसानों को मोहगांव से जोड़ा। मोहगांव में खरीदी ना कर विपणन सहकारी संघ बाकल जाना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन को ज्ञापन से चेतावनी दी है कि मंडई सोसायटी को केंद्र बनाएं। 25 वर्षों से मंडई सोसायटी में खरीदी हो रही थी। अब यहां धान नहीं खरीदा जाता है तो आंदोलन करेंगे, जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

## एसडीएम और प्रशासनिक अमले ने किया निरीक्षण
# सरेखा रेलवे क्रासिंग मार्ग होगा बंद : दो पार्ट में होगी मरम्मत



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के सरेखा रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में आवागमन से आ रही दिक्कतों के मद्दे नजर अब प्रशासनिक रूप से इस मार्ग को बंद करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

सोमवार को एसडीएम राहुल नायक ने सरेखा रेलवे क्रासिंग का दौरा कर यहां निर्माणाधीन ओवरब्रिज और अंडर पास ब्रिज के निर्माण की गति का जायजा लिया। इस दौरान तहसीलदार तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार, नपा सीएमओ दिशा डेहरिया, पीडब्ल्युडी एसडीओ, ओवरब्रिज प्रोजेक्ट इंजीनियर केएल राव, यातायात थाना प्रभारी शैलेन्द्र यादव सहित राजस्व और नपा की टीम मौजूद थी।

इससे पूर्व इस मार्ग से गुजरने वाले भारी और माल वाहक वाहनों के लिए नवेगांव से होकर गोंगलई होते हुए डेजर रोड से वैनगंगा पुलिया के पास निकलने वाले बाइपास मार्ग को मजबूत बनाने पर विचार किया गया। ताकि इस मार्ग पर आवागमन में मार्ग की बदहाली से परेशानी ना हो। जानकारी के अनुसार इस बाइपास मार्ग को दो फेस में पूर्ण किया जाएगा। जिसके लिए सात-सात दिन का समय निर्धारित किया गया है।

वहीं रेलवे क्रासिंग मार्ग बंद होने और अंडर पास ब्रिज के बनने में लग रहे समय को देखते हुए चौपहिया वाहन और दूपहिया वाहनों के लिए सरेखा दुर्गा मंदिर के पास से एक वन-वे मार्ग बनाया जाएगा। जो हनुमान चौक से होकर सरेखा से आगे की ओर जाने वाले वाहनों के लिए होगा। जबकि नवेगांव-कोसमी से आने वाले वाहन, सरेखा बायपास से संविधान चौक होते हुए बैहर रोड से शहर में आ जा सकेंगे। इससे बैहर रोड मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ेगा।

# चेकपोस्ट से चौकसी में 6 वाहनों से वसूला 1 लाख से अधिक दंड



**11 सीमावर्ती उपार्जन चेकपोस्ट से गुजरे 870 धान वाहनों के जांचे दस्तावेज, अवैध धान उपार्जन की निगरानी में कलेक्टर की तरकीब काम आयी**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन में कोई हेरा-फेरी कर अवैध तरीके से धान बेचने में कामयाब न हो इसके लिये कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निगरानी का तरीका बड़ा कारगर साबित हो रहा है। उन्होंने उपार्जन खरीदी से पूर्व जिला अंतर्गत 11 सीमावर्ती चेकपोस्ट पर तहसीलदारों और थाना प्रभारियों को भी नियुक्त किया था। इनकों नियुक्त करने का उद्देश्य अन्य जिलो या राज्यों से अवैध तरीके से धान लाकर खरीदी केंद्रो पर बेचने से रोकना था। इसके लिये कलेक्टर डॉ. मिश्रा के आदेश पर कंजई (लालबर्रा), रजेगांव (किरनापुर), नहलेसरा (कटंगी), गुडरू (लामता), सालेटेकरी (बिरसा), नाटाबारिया व खैरलांजी (परसवाड़ा), रिसेवाड़ा व कुलपा (लांजी), खैरी व मोवाड़ (खैरलांजी) पर उपार्जन चेकपोस्ट स्थापित की गई। इन चेकपोस्ट पर तहसीलदारों व थाना प्रभारियों के अलावा मंडी समिति वन विभाग राजस्व विभाग और पंचायत एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा निगरानी की गई। जिले में आने वाले वाहनों को रोककर उसमें लोट उपज और दस्तावेजों की जांच कर निरीक्षण, इंट्री और आगमन और निर्गमन का डेटाबेस तैयार करने के निर्देश दिये। यानी जो वाहन सीमा से गुजरा उसके पास यथोचित दस्तावेज जांचे और जहां धान उतारना था वहां तक की निगरानी की गई।

**111 वाहनों के माध्यम से 27583 क्विंटल धान राईस मीलों व अन्य प्रतिष्ठानों पर पहुंचा :** निगरानी की प्रक्रिया में 18 दिसम्बर तक 11 चेकपोस्ट से धान के 870 वाहनों की जांच कर उनके आने और जाने का पुरा रिकॉर्ड तैयार किया गया। इसमें अन्य राज्यों और जिलों से 111 वाहनों से जिले में 27583 क्विंटल धान जिले की राईस मीलों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक पहुंचा है। इतने वाहनों से धान पर देय मंडी शुल्क और निराश्रित शुल्क से जिले की समितियों को 5 लाख 70 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। मंडी के सहायक उपनिरीक्षण मनोज पटले ने जानकारी देते हुये बताया कि सीमावर्ती उपार्जन चेकपोस्ट पर वाहनों की सघन जांच के दौरान 6 वाहनों को कृषि उपज का अवैध परिवहन करते पाया गया। इसके बाद अवैध प्रकरण तैयार किये गए। इन 6 वाहनों से मंडियों को 1 लाख 3 हजार रुपये का दाण्डिक शुल्क वसुला गया।

**कुल्पा चेकपोस्ट से अवैध परिवहन करते पकड़े गये 2 धान व 1 मक्का का वाहन:** 6 कार्यवाहियों में कुल्पा चेकपोस्ट से धान के 02 वाहन सीजी-04-जे-2357 व एमपी-50-एए-5759 व मक्का के 1 ट्रक एमपी-07-एचबी-9723 से 58 हजार 338 रुपये का दंड वसूला गया। इसके अलावा 12 व 13 दिसम्बर को नहलेसरा चेकपोस्ट पर धान के 2 वाहनों एमपी-50-जी-0824 व एमपी-28-जी-5198 का अवैध प्रकरण तैयार कर 7535 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं 17 दिसम्बर की रात में सालेटेकरी चेकपोस्ट पर तैनात दल ने ट्रक क्रमांक सीजी-07-बीआर-5507 को मक्का का अवैध परिवहन करते पकड़ा और 37 हजार 831 रुपये दाण्डिक शुल्क वसूल किया गया। इस कार्यवाही में कुल्पा चेकपोस्ट पर तैनात दल में सहायक उपनिरीक्षकों में आकाश ठाकुर, वासुदेव बढ़ई, और नेलचंद बारबुदे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही नहलेसरा चेकपोस्ट पर तैनात दल में सहायक उपनिरीक्षक रामेश्वर पांचे, यशवंत डोंगरे व हितेश भागडकर तथा सालेटेकरी चेकपोस्ट पर तैनात दल में सहायक उपनिरीक्षक खेमचंद नाईक, पखराज कुजुर व एफएल राहंगडाले एवं पुलिस विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग व पंचायत विभाग के संयुक्त दलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 20 पंचायतों में संकल्प यात्रा पहुंची

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को जिले के 10 विकासखंडो में पहुंची। यात्रा के दौरान ग्रामीणजनों को विभिन्न योजनाओं के लाभ के साथ-साथ विकसित भारत के लिये संकल्प भी दिलाया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किये जा रहे है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जनपदों की 14 पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर के दौरान टीबी के 305 रोगियों की जांच की गई साथ ही 412 के सीकल सेल और कुल 1744 नागरिकों की विभिन्न तरह की जांचे की गई। मंगलवार को बैहर जनपद के ग्राम भालापुरी व परसामऊ, परसवाड़ा के ग्राम मोहगॉव, डोंगरिया, लांजी के ग्राम कोचेवाही व बड़गांव क, कटंगी के ग्राम घुनाडी व गाजियापार, बालाघाट के ग्राम पादरीगंज व सोनखार, वारासिवनी के ग्राम लिंगमार व पुनी, किरनापुर के ग्राम मडकापार व मोहगांवखुर्द, खैरलांजी के बेनी व सकाडी, बिरसा के ग्राम समनापुर व जानपुर और लालबर्रा जनपद के ग्राम टेंगनीखुर्द व बगदेही में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण हुआ।



**बुधवार को इन गॉवों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा:** विकसित भारत संकल्प यात्रा का बुधवार को बैहर जनपद के ग्राम हट्टा व गढी, परसवाड़ा के ग्राम अरंडिया व भीकेवाड़ा, लांजी के ग्राम खजरी व ककोड़ी, कटंगी के ग्राम कोडमी व लोहमारा, बालाघाट के ग्राम सकरी व गुडरू, वारासिवनी के ग्राम दिनी व दिनेरा, किरनापुर के ग्राम भालवा व निम्देवाड़ा, खैरलांजी के ग्राम सतोना व सेलोतपार, बिरसा के ग्राम निक्कुल व बलगांव और लालबर्रा जनपद के ग्राम बांदरी व नेवरगांव ला. में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण होगा।

## 7 लाख क्विंटल से अधिक खरीदा गया धान; निगरानी और जांच के लिये पहुंच रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

समर्थन मुल्य पर धान उपार्जन का कार्य अब तेज गति से होने लगा है। जिले में बनाये गए कुल 185 उपार्जन केंद्रो में खरीदी लगातार बढ़ने लगी है। धान उपार्जन के लिये जिले 1 लाख 17 हजार 596 किसानों ने पंजीयन कराया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा खरीदी केंद्रो की निगरानी और निरीक्षण के लिये तहसीलदारों व नोडल अधिकारियों को लगातार निर्देशित कर रहे है। मंगलवार को कटंगी तहसीलदार छवि पंत ने बनेरा और घुनाड़ी उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण कर आवश्कय व्यवस्थाएं देखी । उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि मुख्य रूप से धान की नमी बारदानों की संख्या तथा धान परिवहन का उठाव आदि की जानकारी ली गई। साथ ही किसानों द्वारा लाये जा रहे धान की नमी की भी जांच की जा रही है। उपार्जन के संबंध में सहकारिता विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को 5394 किसानों ने स्लॉट बुकिंग कराया है जबकि मंगलवार को ही 4554 किसानों से 185 केंद्रो पर 2 लाख 17 हजार 582 क्विंटल धान खरीदा गया है। 1 दिसम्बर से आज दिनांक तक जिले के 15877 किसानों से 7 लाख 30 हजार 999 क्विंटल धान खरीदा गया है। जिले में अब तक कुल 45632 किसानों ने स्लॉट बुक करवाया है।

## संकल्प यात्रा में कीड़ों पर सीधा प्रहार करने की तकनीक जान रहे है किसान
# लिंगमारा और दिनी के किसानों ने देखा ड्रोन से किटनाशक छिड़काव का डेमों
### विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कृषि विभाग कर रहा है नवाचार

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार व सोमवार से जिले की 4-4 जनपदों और मंगलवार से बालाघाट और वारासिवनी जनपदों में भी प्रारंभ हो गई है। अब इन यात्राओं में कृषि विभाग द्वारा एक नया नवाचार किसानों के बीच जाकर किसानों की मौजूदगी में किया जा रहा है। मंगलवार को संकल्प यात्रा के दौरान किरनापुर के बुढ़ी व डुंडासिवनी में सोमवार को तथा वारासिवनी में जनपद के लिंगमारा व दिनी में किसानों को नवीन तकनीक ड्रोन के सहारे किटनाशकों के छिड़काव के डेमो प्रदर्शन किये गए। विशेषज्ञों के अनुसार ड्रोन तकनीक के माध्यम से किटनाशकों का छिड़काव सीधे कीड़ों पर प्रहार करने की सबसे उत्तम तकनीक है। कृषि उपसंचालक श्री राजेश कुमार खोब्रागड़े ने जानकारी देते हुये बताया कि किसानों में ड्रोन से छिड़काव के हो रहे डेमों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। किसान अब इस तकनीक को समझने लगे है तथा इसके बारे में विशेषज्ञों से सलाह मसवरा करने लगे है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभाग द्वारा ज्यादा से ज्यादा किसानों के बीच इस तकनीक को पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे है।



**ड्रोन से किटनाशक छिड़काव के फायदे:** आधुनिक कृषि यंत्र ड्रोन के द्वारा तरल उर्वरक नैनो युरियॉ के छिड़काव से होने वाले फायदों के बारे में कई विशेषज्ञ ये किसानों के हितैशी मानते है। केवीके बालाघाट के कृषि विशेषज्ञ डॉ. आरएल राउत ने ड्रोन से किटनाशक छिड़काव के बारे मे कहा कि इसका सबसे बड़ा फायदा तो श्रमिक रूप में देखा जा सकता है। क्योंकि किसानों को दवाई छिड़काव के लिये उपयुक्त मजदूर नहीं मिल पाते है। इसके अलावा ड्रोन से छिड़काव करने पर किटनाशक सीधे पत्तियों और उन स्थानों तक पार्टिकल के सहारे सीधे पहुंचती है जहां कीड़े छुपे हुये रहते है। वहीं ड्रोन से छिड़काव करना अब आसान होने लगा है। साथ ही पानी का वाल्यूम भी एक समान रूप से पूरी फसलों तथा उसके ईर्द-गिर्द पहुंचता है जिससे दवाई का समुचित उपयोग हो पाता है। ड्रोन से किटनाशक छिड़काव के कारण शत प्रतिशत दवाई का उपयोग भी होता है। वहीं समय पर दवाई के अलावा पौधों के अंदर तक छिड़काव में यह तकनीक कारगर है। डॉ. राउत ने किसानों से यह भी कहा कि ड्रोन से छिड़काव के दौरान बिजली के तारों से 20 फीट और पेड़ो से भी बचकर छिड़काव करने की सलाह दी है।

**शासन द्वारा 40 और 50 प्रतिशत तक अनुदान पर किसानों को उपलब्ध होगा ड्रोन:** कृषि उपसंचालक श्री खोब्रागढ़े ने जानकारी देकर बताया कि संकल्प यात्रा के दौरान किसानों को न सिर्फ तकनीक के बारे में अवगत कराया जा रहा बल्कि शासन द्वारा अनुदान की भी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक ड्रोन की बाजार में कीमत 924000 रुपये है लेकिन शासन द्वारा सामान्य वर्ग के किसानों को 40 प्रतिशत और एससी] एसटी] लघु व सीमांत किसान तथा महिला किसान को 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाती है। शासन की योजना अनुसार किसान को लगभग 4 से 5 लाख रुपये की छुट पर ड्रोन खरीद सकता है। संकल्प यात्रा के दौरान किसानों को निशुल्क मिट्टी परीक्षण कार्ड] पीकेवीवाय योजना अंतर्गत खेती के जीवंत प्रदर्शन तथा सोलर लाईट लैम्प का भी प्रदर्शन किया जा रहा है।

**2 घंटे में 20 एकड़ तक छिड़काव के काबिल:** ड्रोन तकनीक के माध्यम से छिड़काव करने की तकनीकों के बारे मे किसानों को सारगर्भित जानकारियॉ दी जा रही है। कृषि उपसंचालक श्री खोब्रागढ़े ने बताया कि एक ड्रोन 2 घंटे की क्षमता वाला होता है। जिसमें 10 लीटर तक का तरल छिड़काव तैयार किया जा सकता है। 2 घंटे में कोई भी ड्रोन 20 एकड़ तक छिड़काव करने में सक्षम है।

### जिले में जारी है स्काउट गाइड प्रशिक्षण

**बालाघाट।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ बालाघाट जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट श्री एके उपाध्याय जी के मुख्य निर्देशन में आयोजित 16 दिसंबर से 22 दिसंबर 2023 तक बेसिक स्काउट मास्टर प्रशिक्षण एवं तृतीय सोपान संभाग स्तरी स्काउट गाइड जांच शिविर के तृतीय दिवस संध्या पर औचक निरीक्षण पर पहुंचे जिला कमिश्नर श्री एके उपाध्याय जी एवं सहायक संचालक सी .एस. मरावी जी के द्वारा प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया निरीक्षण दौरान स्काउट की समस्त गतिविधियों एवं हो रहे प्रशिक्षण के बारे में प्रतिभागियों से रूबरू होकर सभी के कक्षों का निरीक्षण कर एवं जांच शिविर के परिणामों का परीक्षण कर सभी प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता: ड्रा रहा मदन महाराज एफसी और लेक सिटी एफसी भोपाल के बीच खेला गया मैच

**बालाघाट।** जिले में 10 दिसंबर से खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में 19 दिसंबर को मदन महाराज एफसी भोपाल और लेक सिटी भोपाल के बीच खेला गया मैच ड्रा रहा। मैच का शुभारंभ अतिथि सिविल सर्जन डॉ. संजय धबड़घाव, सतपुड़ी वैली एजुकेशन इंस्टीट्यूट निदेशक संजय मिश्रा, प्रिंसीपल अनुराग मिश्रा, समाजसेवी राजलदास कारडा के आतिथ्य और आयोजन समिति पदाधिकारी अभय सेठिया, विजय वर्मा, ऋषभदास वैद्य, मोहन आचार्य, गणेश अग्रवाल, दिलीप राजपूत, मुक्तानंद गौतम, अंशुल जायसवाल, रजनीश वर्मा, उत्तमदास, मुकेश खैरवार और जिला फुटबॉल संघ सचिव सुनील यादव की मंचासीन उपस्थिति में किया गया।

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित चार पदों के लिए 13 प्रत्याशी; शाम तक आएंगे परिणाम
# जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव आज

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव 20 दिसंबर को होंगे। सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक मतदान होगा। निर्वाचन अधिकारी संतोष शुक्ला ने बताया कि सभी तैयारी पूर्ण कर ली हैं।

जिला अधिवक्ता संघ में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और दो सहसचिव के लिए चुनाव हो रहा है। कोषाध्यक्ष, ग्रंथपाल और कार्यकारिणी के 10 सदस्यों के लिए 9 ने आवदेन किया है।सभी के निर्विरोध चुने गए हैं।



सहायक निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता प्रदीप सोनी ने बताया कि मतदान के लिए एक प्रवेश द्वारा बनाया गया है। बैलेट पेपर से होने वाले मतदान के लिए दो मतपेटियां रखी हैं। दोपहर 3.30 बजे मतदान के आधा घंटे बाद मतगणना होगी। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं सहसचिव पदों के लिए अलग-अलग कलर के मतपत्र होंगे। इसमें अल्फाबेटिकल क्रम से प्रत्याशियों का नाम होगा। मतदाता, अपने पसंदीदा अभ्यार्थी के नाम पर मतदान करेगा।

**419 मतदाता करेंगे 13 प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला:** दो वर्षीय कार्यकाल के लिए जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए प्रवेश मलेवार, अरविंद रॉय एवं आनंद टेंभरे, उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक शर्मा एवं मीना कुर्वे, सचिव पद के लिए महेन्द्र मधु बिसेन, माधुरी कटरे ब्रम्ह और सुनील यादव, तथा सहसचिव पद के लिए आनंद मेश्राम, डिगम्बर ढेकवार, डिल्लनसिंह ताराम, रशीद अहमद एवं संगीता नागेश्वर सहित कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जिनके भाग्य का फैसला अधिवक्ता संघ चुनाव में अधिकृत 419 मतदाता करेंगे।

# काशी-तमिल समागम : लोगों ने लोको पायलट और ट्रेन में यात्रा करने वालों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 नवंबर को कन्याकुमारी-बनारस-कन्याकुमारी काशी-तमिल समागम विकली ट्रेन का शुभारंभ किया गया था। यह ट्रेन कन्याकुमारी से चलकर मंगलवार सुबह 8.35 बजे बालाघाट पहुंची। यहां भाजपा, रेलवे सलाहकार समिति सहित बालाघाटवासियों ने लोको पायलट, ट्रेन के स्टाफ और यात्रियों का पुष्पहार, गुलाब के फूल से स्वागत किया।

जिलेवासियों की सुविधा के लिए बालाघाट से लंबी दूरी की ट्रेन की मांग की जा रही थी। अब कन्याकुमारी-बनारस-कन्याकुमारी ट्रेन का स्टॉपेज बालाघाट को मिला है। यह 24 दिसंबर से बनारस से कन्याकुमारी की ओर जाते समय प्रत्येक सोमवार को सुबह 7.07 बजे बालाघाट पहुंचेगी। कन्याकुमारी से बनारस आते समय शनिवार को सुबह 8.43 बजे बालाघाट पहुंचेगी। ट्रेन 5 मिनट के स्टॉपेज के बाद आगे रवाना हो जाएगी।



**जिले के विकास में सहायक होगी ट्रेन:** जिले में ब्राडगेज के प्रारंभ होने के बाद गोंदिया-गढ़ा, रीवा-इतवारी और इतवारी-बालाघाट के बाद एक और ट्रेन की सुविधा जिलेवासियों को मिली है। कन्याकुमारी-बनारस-कन्याकुमारी काशी-तमिल एक्सप्रेस ट्रेन 16367/16368 का यहां जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा नेता अभय सेठिया ने कहा कि यह ट्रेन जिले के विकास में सहायक होगी।

जेडआरयुसी सदस्य मोनिल जैन ने कहा कि बहुप्रतिक्षित लंबी दूरी की ट्रेन की मांग, इस ट्रेन से पूरी हो गई है। बालाघाट स्टेशन भी अमृत भारत योजना हेरिटेज स्टेशन के रूप में विकसित हो रहा है। अनूपसिंह बैस ने कहा कि उत्तर से दक्षिण की 273 किलोमीटर की दूरी इस रेलमार्ग से कम होती है, जिस पर उत्तर से दक्षिण रेलमार्ग पर चलने वाली इस ट्रेन को फायदा जिले के विकास को मिलेगा। इस मार्ग में गोंदिया से जबलपुर, गोंदिया से कटंगी होते हुए नागपुर और सिवनी-नैनपुर मार्ग के दोहरीकरण की मांग को लेकर आज मांगपत्र सौंपा है।

**ये रहे मौजूद:** इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, रेलवे सलाहकार समिति सदस्य गिरीराज रंगलानी, मनोज क्षीरसागर, सुनील कोरे, तुर्राब खान, विशाल मंगलानी, पूर्व सदस्य एवं पार्षद राज हरिनखेड़े, जैनेन्द्र कटरे, शेषराम राहंगडाले, डॉ. अमर बिसेन, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश आनंद, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक अरविंद शाह, प्रमोद करांडे, श्री गणवीर, सुरेन्द्र शर्मा, मुख्य टिकट निरीक्षक डी.के. कर, उपमुख्य टिकट निरीक्षक आर.के. ठाकुर, टिकट पर्यवेक्षक सुशील लिल्हारे, नीरज बघेले, बी.डी. कोशरकर, आशुतोष पांडेय, मुख्य स्टेशन प्रबंधक सुधीर बाजपेयी, गुड्स लिपिक दुर्गेश उराडे, जय किशोर, राजू मेश्राम सहित भाजपा, ब्रासंस और शहरवासी उपस्थित थे।